संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक **घटती घटना**

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -151 बुधवार , 03 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


# सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव-बालकृष्ण को लगाई फटकार

## हलफनामा दायर करने का दिया आखिरी मौका

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण शीर्ष अदालत पहुंचे। इस दौरान अदालत ने दोनों को उचित हलफनामा दाखिल नहीं करने और नियमों को अनदेखी करने के लिए फटकार लगाई और कहा कि आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था।

### अगली सुनवाई 10 अप्रैल को

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को एक हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है। साथ ही आदेश दिया कि अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने पतंजलि के एमडी के हलफनामे में दिए बयान को भी खारिज कर दिया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज) एक्ट पुराना है'



### आपने हर सीमा लांघकर रख दी

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कहा कि यह पूर्ण अवहेलना है। सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, देशभर की अदालतों से पारित हर आदेश का सम्मान होना चाहिए। आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था। अदालत ने कहा कि आपको अदालत में दिए गए आश्वासनों का पालन करना होगा, आपने हर सीमा लांघकर रख दी। वहीं, अदालत ने केंद्र पर भी सवाल उठाए। उसने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि जब पतंजलि यह कह रही थी कि एलोपैथी में कोविड का कोई इलाज नहीं है, तो केंद्र ने अपनी आंखें बंद रखने का फैसला क्यों किया?

### बिना शर्त मांगी माफी

रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने अदालत से योग गुरु की मौजूदगी और उनके बिना शर्त माफी मांगने पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। साथ ही पक्षकारों के वकीलों को पूरे मुद्दे का समाधान खोजने में मदद करने की पेशकश की।न्यायमूर्ति कोहली ने बालकृष्ण के वकील से कहा, 'आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि हलफनामा समय पर दाखिल हो।' वहीं, पतंजलि ने अपनी याचिका में मांग की कि विज्ञापन मामले में ताजा हलफनामा दायर करने के लिए और समय दिया जाए। इस पर अदालत ने कहा कि कभी-कभी चीजों को सही फैसले तक पहुंचना जरूरी है। इस पर योग गुरु रामदेव ने पतंजलि के औषधीय उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने पर अदालत से बिना शर्त माफी मांगी।

## संक्षिप्त खबरें

### छह माह बाद संजय सिंह को सुप्रीमकोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली,02 अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट से अंततः आप सांसद संजय सिंह को जमानत मिल गई है। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में मंगलवार को छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को जमानत दे दी।



### नाराज अजय निषाद बीजेपी छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट कटने की नाराजगी के चलते एक पार्टी का दामन छोड़कर दूसरे पार्टी का दामन थामने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बिहार के मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद ने मंगलवार को नई दिल्ली में बीजेपी का दामन छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया।



## लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति




### यूपी-बिहार समेत इन 6 राज्यों में होगी स्पेशल ऑब्जर्वर्स की तैनाती

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित छह राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों की तैनाती दी है। इनमें सामान्य व पुलिस दोनों तरह के विशेष पर्यवेक्षक शामिल है। आयोग ने इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा व आंध्र प्रदेश में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए भी विशेष पर्यवेक्षकों (व्यय) की भी तैनाती दी है। जो राज्यों में इसके लिए तैनात किए गए पर्यवेक्षकों और विभागीय अधिकारियों क ी गतिविधियों को जांचेंगे। साथ ही चुनाव आयोग को इससे जुड़ी सारी जानकारी भी देंगे।

### छह राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों की तैनाती

आयोग ने इस दौरान जिन छह राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों की तैनाती दी है, उनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश , पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और ओडिशा शामिल है। आयोग ने इस दौरान यह भी साफ किया है कि विशेष पर्यवेक्षकों की तैनाती उन सभी राज्यों में दी गई है, जहां सात करोड़ से अधिक मतदाता है या ऐसे बड़े राज्य जहां लोकसभा के साथ विधानसभा के चुनाव भी है।

### राज्यों में फोर्स की तैनाती

आयोग से मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की यह तैनाती उनके साफ छवि व चुनाव से जुड़े उनके लंबे अनुभवों के आधार पर दी गई है।जो चुनाव के दौरान राज्यों में फोर्स की तैनाती, ईवीएम के मूवमेंट व राजनीतिक दलों को दी जाने वाली चुनाव अनुमति आदि पर नजर रखेंगे। साथ ही राज्य में चुनाव से जुड़ी प्रत्येक अहम बैठकों में हिस्सा भी ले सकेंगे। इस दौरान इन विशेष पर्यवेक्षक की तैनाती मुख्य रूप से राज्य मुख्यालयों पर होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर किसी भी संवेदनशील क्षेत्र में भी कैंप कर सकेंगे।

### किस राज्य के कौन होंगे विशेष पर्यवेक्षक

88 बैच आइएएस (राजस्थान कैडर) व विवेक दुबे, 81 बैच आइपीएस (आंध्र प्रदेश कैडर)। उत्तर प्रदेश- अजय वी नायक, 84 बैच आइएएस (बिहार कैडर) व मनमोहन सिंह 88 बैच आइपीएस (बिहार कैडर)। पश्चिम बंगाल - आलोक सिन्हा, 86 बैच आइएएस( यूपी कैडर), व अनिल कुमार शर्मा , 84 बैच आइपीएस ( पंजाब कैडर ) । महाराष्ट्र- धर्मेंद्र गंगवार, 84 बैच आइएएस (बिहार कैडर) व एन के मिश्रा , 88 बैच आइपीएस ( सिक्किम कैडर)। आंध्र प्रदेश- राम मोहन मिश्रा, 87 बैच आइएएस ( असम-मेघालय कैडर) व दीपक मिश्रा, 84 बैच आइपीएस ( केंद्रीय कैडर) ओडिशा-योगेंद्र त्रिपाठी, 85 बैच आइएएस ( कर्नाटक कैडर) व रजनीकांत मिश्रा,84 बैच आइपीएस (यूपी कैडर)( नोट- सभी अधिकारी सेवानिवृत्त है।

## बीजेपी में शामिल नहीं होने पर मुझे एक महीने के अंदर कर लिया जाएगा गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आज बड़ा दावा किया है।आप मंत्री आतिशी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके एक करीबी रिश्तेदार के जरिए पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया है। उन्होंने दावा किया कि वे चाहते हैं कि मैं बीजेपी में शामिल हो जाऊं, वरना मुझे एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा
दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, मुझे बीजेपी में शामिल होने के लिए अप्रोच किया गया है, मुझसे यह कहा गया कि या तो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाऊं, अपना राजनीतिक भविष्य बचा लूं, अपना राजनीतिक भविष्य बढ़ा लूं और अगर बीजेपी में शामिल नहीं हुई तो आने वाले एक महीने में श्वष्ठ द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कुल चार लोग किये जायेंगे गिरफ्तार

आप नेता आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में आगे दावा किया कि लोकसभा चुनाव से पहले आने वाले दो महीनों में वे 4 और आप नेताओं सौरभ भारद्वाज, आतिशी, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करेंगे। आतिशी ने कहा कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने कहा था कि उन्हें बीजेपी में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने के भीतर श्वष्ठ द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## कांग्रेस ने 4 राज्यों के लिए एक और सूची जारी की

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** इंडिया गठबंधन के तहत समन्वय बनने के बाद शेष बचे राज्यों में कांग्रेस ने प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की है। देश में लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में मतदान होने हैं। वहीं, 4 जून को मतगणना होगी। इसी बीच कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।जारी हुई सूची के अनुसार, कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की अलग-अलग सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। जारी लिस्ट के अनुसार, पार्टी ने आंध्रप्रदेश की 5 सीटों, बिहार की 3 सीटों, ओडिशा की 8 सीटों और पश्चिम बंगाल की 1 सीट पर उम्मीदवारों को मैदान पर उतारा है।



## एआईएफएफ ने कार्यकारी सदस्य दीपक शर्मा को किया सस्पेंड

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के कार्यकारी दीपक शर्मा के ऊपर कड़ा एक्शन हुआ है और उनको सस्पेंड कर दिया गया है। गोवा फुटबॉल लीग 2 के दौरान एक क्लब की महिला फुटबॉलर्स से कथित मारपीट के चलते शर्मा को निलंबित किया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तरफ से एक बयान जारी करते हुए कहा गया कि अगली सूचना तक दीपक शर्मा को खेल की किसी भी गतिविधि में हिस्सा लेने से सस्पेंड किया जाता है। इसके अलावा उनके ऊपर कार्रवाई करते हुए केस भी दर्ज किया गया है। महिला खिलाड़ियों की तरफ से आरोप है कि सेकंड डिविजन का मैच समाप्त होने के बाद वे अपने कमरे पर लौट आई थीं और इस दौरान रात को नशे की हालत में दीपक शर्मा वहां उनके कमरे में आ गए थे। इसके बाद उन्होंने मारपीट करना शुरू कर दिया



## नाइट क्लब में लगी भीषण आग

### 15 लोगों की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** शहर के मेयर एक्रेम इमामोग्लू ने मंगलवार को कहा कि मध्य इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में दिन के समय मरम्मत कार्य के दौरान आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। इमामोग्लू ने कहा कि घायल हुए आठ लोगों में से सात की हालत गंभीर थी, उन्होंने कहा कि आग बुझा दी गई है और घायलों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में किया जा रहा है। शहर के गवर्नर कार्यालय ने एक बयान में कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। शहर के मेयर एक्रेम इमामोग्लू ने मंगलवार को कहा कि मध्य इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में दिन के समय मरम्मत कार्य के दौरान आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।
मामोग्लू ने कहा कि घायल हुए आठ लोगों में से सात की हालत गंभीर थी, उन्होंने कहा कि आग बुझा दी गई है और घायलों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में किया जा रहा है। शहर के गवर्नर कार्यालय ने एक बयान में कहा,



घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों और रिपोर्टों में कहा गया है कि मंगलवार को नवीनीकरण के दौरान इस्तांबुल नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई और अन्य बुरी तरह घायल हो गए। पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।
सरकारी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि कम से कम आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से सात को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। नाइट क्लब, जिसे नवीकरण के लिए बंद कर दिया गया था, बोस्फोरस द्वारा विभाजित शहर के यूरोपीय हिस्से में बेसिकटास जिले में एक 16 मंजिला आवासीय इमारत के भूतल पर था। आग बुझा दी गई। गवर्नर दावुत गुल ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है, और माना जाता है कि पीड़ित नवीकरण कार्य में शामिल थे। न्याय मंत्री यिलमाज़ टुनक ने कहा कि अधिकारियों ने पूछताछ के लिए पांच लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें क्लब के प्रबंधक और नवीकरण के प्रभारी एक व्यक्ति भी शामिल हैं।

## केंद्र सरकार ने सीसीटीवी सुरक्षा पर जारी की एडवाइजरी

### मंत्रालयों से डेटा लीक वाले ब्रांडों से बचने को कहा

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** इंडिया सरकार ने सीसीटीवी (क्लोज्ड-सर्किट टेलीविजन) कैमरों के माध्यम से सूचना लीक के खतरे पर एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को उन ब्रांडों से उपकरण खरीदने से बचने की सलाह दी गई है, जिनका सुरक्षा उल्लंघनों और डेटा लीक का इतिहास है।इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मार्च में इंटरनल एडवाइजरी जारी की थी। इसमें सरकारी मंत्रालयों और विभागों को सीसीटीवी कैमरों एवं आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) उपकरणों की समग्र सुरक्षा और अखंडता की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक खरीद के दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी थी।
सरकार ने यह कदम निगरानी कैमरों में सुरक्षा खामियों के कारण विभिन्न साइबर सुरक्षा घटनाओं को देखने के बाद उठाया है।



## अयोध्या ने तोड़ा वेटिकन और मक्का का रिकार्ड

### 48 दिन में 1 करोड़ रामभक्तों ने किए श्रीराम लला के दर्शन

**अयोध्या , 02 अप्रैल 2024 (ए)।** श्री राम जन्म भूमि पर बने भव्य श्रीराम मंदिर में जब से श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तभी से रामभक्तों का सैलाब अयोध्या में उमड़ रहा है। मात्र 48 दिन में ही 1 करोड़ रामभक्त श्री राम लला के दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा 22 जनवरी से 10 मार्च तक का है। दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में लोग किसी भी धर्म के धर्मस्थल पर नहीं पहुंच रहे। ईसाइयों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी में सालभर में करीब 90 लाख लोग आते हैं जबकि मुस्लिमों के पवित्र स्थल मक्का में पिछले साल 1.35 करोड़ लोग पहुंचे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ था और 25 जनवरी से देश भर से 20 आस्था स्पेशल ट्रेनें करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आती रहीं। रोजाना करीब एक लाख लोगों के अयोध्या आने की वजह से रेलवे बड़े पैमाने पर तैयारी की। औसतन देखा जाए तो रोजाना 2 लाख श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं और श्री राम लला के दर्शन् कर रहे हैं।



## इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर मांगी गई जानकारी का एसबीआई ने नहीं दिया जवाब

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा फटकार लगाए जाने के कुछ सप्ताह बाद, चुनावी बॉन्ड पर भारतीय स्टेट बैंक ने आरटीआई के तहत पूछे गए एक सवाल का जवाब देने इनकार कर दिया है। दरअसल सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत एक दायर याचिका में भारतीय स्टेट बैंक से उन दिशानिर्देशों के बारे में जानकारी मांगी गई थी जो उसने इलेक्टोरल बॉन्ड बेचने और उसे भुनाने को लेकर अपनी शाखाओं को जारी किए थे। आरटीआई एक्टिविस्ट अंजलि भारद्वाज ने याचिका दायर की थी। इसमें सूचना का अधिकार के तहत इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम के लिए बैंक द्वारा निर्धारित एसओपी के बारे में जानकारी मांगी गई थी।
एसबीआई के डिप्टी जनरल मैनेजर एम कन्ना बाबू द्वारा 30 मार्च को दिए गए जवाब में बैंक ने कहा है कि एसओपी आंतरिक दिशानिर्देश थे और उनसे संबंधित जानकारी को आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) के तहत जारी करने से छूट दी गई है। हालांकि याचिकाकर्ता ने एक बयान में कहा है कि बैंक द्वारा जानकारी देने से इनकार करने के फैसले को अपील में चुनौती दी जाएगी।




## जमीन घोटाला मामले में तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर के भतीजे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हैदराबाद, 02 अप्रैल 2024 (ए)।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव के एक भतीजे को कथित तौर पर यहां जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस ने दी है।एक रियल एस्टेट फर्म के निदेशक की शिकायत के आधार पर मार्च के पहले सप्ताह में आदिबटला पुलिस स्टेशन में चंद्रशेखर राव के भतीजे के कन्ना राव और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिन्होंने उन पर दो एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। कंपनी अ प न े कर्मचारियों को धमकाने की कोशिश कर रही है।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उस मामले के सिलसिले में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।



CMYK

## संपादकीय

### स्टंट का रील बनाने वालों के लिए कानून का भय जरूरी

सोशल मीडिया पर स्टंट का रील बनाकर अपलोड करने के लिए 36 हजार रुपये का चालान काटा गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाईओवर पर यह स्टंट किया गया।आरोपी कार चालक प्रदीप ढाका छज्जूराम कॉलोनी (नांगलोई) का रहने वाला है। वायरल वीडियो में हरियाणा नंबर की सुनहरी कार सड़क पर तेज रफ्तार में सर्पाकार दौड़ रही है जिसका साथी कार से बहार आकर सेल्फी लेता है। इस दरम्यान पीछे कारों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को यह वीडियो टैग किया। कार से प्लास्टिकनुमा कुछ नकली हथियार भी बरामद किए।इससे पहले होली वाले दिन दो लड़कियों का वीडियो वायरल हुआ था जो स्कूटी पर बैठ कर एक-दूसरे को रंग लगा रही थीं। उनका नोएडा पुलिस ने कई अन्य अपराधों समेत 33 हजार रुपये का चालान किया। लड़कियों का कहना था कि इंस्टाग्राम हैंडल के लिए रोचक सामग्री बना रही थीं।एक अन्य वायरल वीडियो में बिना हैलेमट के स्कूटी पर सवार युवक के पीछे टायटैनिक का पोज बना रही लड़की गिरी थी। यह हुड़दंग केवल होली पर ही नहीं होता, बल्कि रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर अपनी फॉलोइंग बढ़ाने के लोभ में फूहड़, अश्लील और उद्दंडतापूर्ण हरकतें करने वालों की हरकतें बढ़ती ही जा रही हैं। देश में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या है, जिनके हाथ में मोबाइल है।वे बेरोजगार हैं या रोजगार न मिलने पर हताश। उनमें भरपूर ऊर्जा है जिसका इस्तेमाल करने का उचित मार्ग उन्हें नहीं सूझता।

# सूचना का अधिकार : पारदर्शिता की व्यापक पहचान पर ध्यान दें

मई 2005 में जब भारतीय संसद ने सूचना के जन-अधिकार का राष्ट्रीय स्तर का कानून पास किया तो लोकतंत्र को सशक्त करने वाले एक महत्त्वपूर्ण कानून के रूप में इसकी सराहना की गई।कई तरह के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी-बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है।द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की।पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन-अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकार/स्वतंत्रता का कानून मौजूद है, पर इसके बावजूद सरकार ने अपने सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों के संदर्भ में (विशेष तौर पर इराक पर हमले और तथाकथित आतंकवाद विरोधी युद्ध के संदर्भ में, सैन्य खर्च तेजी से बढ़ाने के संदर्भ में) पारदर्शिता नहीं अपनाई है। सच बात तो यह है कि पूरी विश्व राजनीति को बेहद प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले इराक पर हमले संबंधी निर्णय बहुत थोड़े से सलाहकारों के एक गुट द्वारा लिए गए और आम लोगों को इनके बारे में बड़े योजनाबद्ध ढंग से गुमराह किया गया।रिंचड क्लार्क, जो दस वर्ष तक अमेरिका के आतंकवाद विरोधी अभियान के मुखिया रहे हैं, ने अपनी पुस्तक अगेंस्ट ऑल इनमीज' में लिखा है : मुझे संदेह है कि शायद ही किसी को बुश को यह समझाने का अवसर मिला हो कि इराक पर हमला करने से अमेरिका पहले से कम सुरक्षित हो जाएगा और उग्रवादी इस्लामी आंदोलन की ताकत बढ़ जाएगी।' क्लार्क के अनुसार आतंकवाद पर जॉर्ज बुश की प्रतिक्रिया की खास बात यह थी कि जब उन्हें आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को सबक सिखाना था तो उन्होंने ऐसे देश को नहीं चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद पनपा रहा था, अपितु इराक को चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद फैलाने में नहीं लगा था। जब इतने शीर्ष पद पर रहा व्यक्ति पूरी जिम्मेदारी से यह लिखता है तो स्पष्ट है कि उसमें कोई गहरा दर्द है।वैसे अमेरिकी समाज में सूचना की बाढ़ आई हुई है-किसी भी समाचार को निरंतर देने के लिए सैकड़ों प्रसार माध्यम समाचार पत्र, पत्रिकाएं, टीवी चैनल आदि मौजूद हैं। बाहरी तौर पर प्रेस की अभिव्यक्ति को गजब की स्वतंत्रता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति बुश के दूसरे चुनाव के समय अमेरिकी जनता को एक सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे के बारे में सही सूचना उपलब्ध नहीं थी। विश्व स्तर पर आम तौर पर यह जानकारी पहुंच चुकी थी कि सद्दाम हुसैन सरकार के पास न तो महाविनाशक हथियार थे और न ही उसका अल कायदा से या 9/11 के हमले से कोई संबंध था। पर इतने व्यापक और




तथाकथित बेहद स्वतंत्र' सूचना तंत्र वाले अमेरिका में अधिकांश मतदाता मानते रहे कि सद्दाम हुसैन की सरकार के पास महाविनाशक हथियार थे और उसका 9/11 के हमले से संबंध था। अमेरिकी नागरिकों की यह गलतफहमी कई सव्रेक्षणों में सामने आई। सवाल वाजिब है कि ऐसा तंत्र, जहां सूचना का अधिकार भी है, सब तरह का सूचनाओं के प्रसार की स्वतंत्रता है, बहुत से माध्यम सक्रिय हैं और अरबों डॉलरों का सूचना उद्योग है, वहां सबसे चर्चित मुद्दे पर सही जानकारी लोगों तक क्यों नहीं पंहुचती है? स्पष्ट है कि सूचना के अधिकार का कानून बनाने के लिए तैयार हो जाने का अर्थ यह नहीं है कि किसी सरकार का चरित्र मूल रूप से पारदर्शी और ईमानदार हो गया है। हां, इतना जरूर है कि सूचना के अधिकार का उपयोग सजगता और समझदारी से किया जाए तो इससे सरकार और प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के अवसर अवश्य उपलब्ध होते हैं। हमें कानून की संभावनाओं और सीमाओं, दोनों के प्रति सचेत रहते हुए मात्र कानून बनने से लक्ष्य प्राप्त हुआ नहीं मान लेना चाहिए। इस कानून से जो अवसर प्राप्त हुए हैं, उनका उपयोग करते हुए पारदर्शिता और लोकतंत्र को सशक्त करने के प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए।यदि नागरिकों ने ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई तो सरकारें पारदर्शिता का प्रदर्शन अधिक करेंगी पर पारदर्शिता को आत्मसात कम करेंगी। पारदर्शिता केवल किसी सरकार या सरकारी संस्थान के लिए नहीं अपितु सभी सामाजिक संस्थानों-संगठनों और सार्वजनिक जीवन जीने वाले सभी व्यक्तियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन सब के लिए पारदर्शिता का अर्थ किसी वैधानिक मजबूरी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए। पारदर्शिता का अर्थ केवल यह नहीं है कि यदि कानून ने हमें कोई सूचना सार्वजनिक करने के लिए कहा है तो हम ऐसा करेंगे। सही अथरे में पारदर्शिता कहीं अधिक व्यापक है। हो सकता है कि कुछ समय के लिए कोई जानकारी किसी बहुत विशेष कारण से गुप्त रखना जरूरी हो जाए, पर सामान्यत- एक पारदर्शी व्यक्ति की सोच यह है कि जब मुझे हर कार्य पूरी ईमानदारी से ही करना है तो फिर उसे कुछ छिपाने की जरूरत ही क्या है। एक सार्वजनिक व्यक्ति के रूप में मेरी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो वादे करता हूं उन्हें निभाने का पूरा प्रयास करता हूं, जो कहता हूं वही करता हूं, तो फिर मैं कुछ छिपाने का प्रयास क्यों करूं।सामान्यत- अपने निर्णय और निर्णय प्रक्रिया के बारे में पूर्ण पारदर्शिता अपनाना किसी भी ईमानदार और सच्चे व्यक्ति के अपने ही हित में है। यही कारण है कि सबसे ईमानदार व्यक्ति, चाहे वे सरकारी अधिकारी हो या किसी सामाजिक संस्था से जुड़े हो या किसी अन्य सार्वजनिक जिम्मेदारी को निभा रहे हैं, प्रायः कुछ कार्यभार बढने की संभावना के बावजूद पारदर्शिता लाने वाले कानून या सूचना के अधिकार के कानून का स्वागत ही करते हैं। बेईमान व्यक्ति के पास छिपाने के लिए बहुत कुछ है अतः वह दिल से पारदर्शिता कभी नहीं चाहता। दूसरी ओर, ईमानदार व्यक्ति स्वभाव से ही पारदर्शिता का समर्थन करते हैं। पारदर्शिता में ईमानदारी तो निहित है ही पर उसके अतिरिक्त कुछ और भी है। वह है कथनी और करनी में भेद न होना। जो व्यक्ति पैसे के हिसाब-किताब में पूरी तरह ईमानदार है, हो सकता है उसके लिए भी अन्य संदभरे में छुपाने के लिए कुछ हो। पर जिस व्यक्ति की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है, वह पारदर्शिता की कसौटी पर और भी खरा उतरता है। पारदर्शिता को कानूनी बाध्यता के रूप में नहीं, बेशकीमती जीवन मूल्य के रूप में आत्मसात करना चाहिए।

-भारत डोगरा-

# क्या आगे गिरफ्तार होंगे राघव चड्डा ? कन्हैया एक बार फिर हारे

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने से इनकार करने के बाद उनके पद नहीं छोड़ने के कारणों के बारे में काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। आम आदमी पार्टी में एक राय है कि श्री केजरीवाल जानबूझकर केंद्र पर राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए दबाव डाल रहे हैं ताकि वह पीड़ित कार्ड खेल सकें, जो कि उनका मजबूत पक्ष है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि श्री केजरीवाल इसलिए इस्तीफा नहीं दे रहे हैं क्योंकि उनके पास पार्टी के लिए कोई उत्तराधिकार योजना नहीं है। वैसे भी, दूसरी पंक्ति के कई नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में खुद को आगे बढ़ा रहे हैं। अगर मनीष सिसौदिया जेल में नहीं होते तो वह स्पष्ट पसंद होते, लेकिन वर्तमान में आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और यहां तक कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल भी मैदान में उतरने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। हालाँकि,उनमें से किसी के पास श्री केजरीवाल के लिए खड़े होने की क्षमता या विश्वसनीयता नहीं है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि श्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता को उनके संभावित प्रतिस्थापन के रूप में उल्लेखित किया जा रहा है। मीडिया के चहेते और टेलीविजन समाचार चैनलों पर स्थायी रूप से छाए रहने वाले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा घटनास्थल से गायब हैं। वह कथित तौर पर आंख की सर्जरी के लिए लंदन गए हुए हैं। राजधानी की राजनीतिक चर्चाओं के अनुसार, श्री चड्ढा भारत लौटने में देरी कर रहे हैं क्योंकि ऐसी चर्चा है कि उनका नाम आप नेताओं की सूची में है जिन्हें अगली बार गिरफ्तार किया जा सकता है। इसलिए, वह घर आने से पहले अपना समय इंतजार कर रहा है। ऐसे अन्य लोग भी हैं जो श्री चड्ढा की संभावित गिरफ्तारी के बारे में चल रही अटकलों और प्रसिद्ध फिल्म स्टार प्रियंका चोपड़ा की हाल की भारत यात्रा के बीच संबंध देखते हैं जब उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर में पूजा की थी। ऐसा कहा जाता है कि मौजूदा सत्ताधारी सरकार की करीबी मानी जाने वाली प्रियंका चोपड़ा ने संभवतः इस मौके का इस्तेमाल राघव चड्ढा के लिए कुछ कहने के लिए किया, जिन्होंने उनकी चचेरी बहन परिणीति से शादी की है, जो एक अभिनेता भी हैं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी सूची को अंतिम रूप देने से पहले, पार्टी हलकों में यह चर्चा थी कि मां-बेटे की जोड़ी - मेनका और वरुण गांधी - को जगह नहीं मिलेगी। मेनका गांधी पिछले कुछ वर्षों से नेतृत्व के पक्ष में नहीं थीं, जबकि वरुण गांधी ने सार्वजनिक रूप से पार्टी की आलोचना करके भाजपा आकाओं को परेशान कर दिया था। इसलिए, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं थी जब वरुण गांधी को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पीलीभीत से मैदान में नहीं उतारा गया। लेकिन ये भी आश्चर्य की बात थी कि मेनका गांधी को सुल्तानपुर से बीजेपी का उम्मीदवार बनाया गया. यह स्पष्ट रूप से एक सुविचारित कदम था। मेनका गांधी सुल्तानपुर में एक लोकप्रिय नेता हैं और उन्हें किनारे करना भाजपा पर भारी पड़ सकता था। ऐसी भी संभावना थी कि अगर दोनों को टिकट नहीं दिया गया तो मां-बेटे पार्टी के खिलाफ बगावत कर सकते हैं। लेकिन मेनका को मैदान में उतारकर और वरुण को टिकट न देकर बीजेपी ने दोनों को एक तरह से खामोश कर दिया है. वरुण गांधी के पास कम प्रोफ़ाइल रखने और अपनी मां के अभियान का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने पिछले सप्ताह अपनी चुप्पी तोड़ते हुए पीलीभीत के लोगों को एक भावुक पत्र लिखकर कहा कि उनके दरवाजे हमेशा उनके लिए खुले रहेंगे और वह उनकी सेवा करना जारी रखेंगे, भले ही वह अब लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। इस कहानी में एक विडंबनापूर्ण मोड़ है। 2019 में जब पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार को बिहार के बेगुसराय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा गया, तो वह सीपीआई के साथ थे। उनकी उम्मीदवारी के कारण वामपंथी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल के बीच काफी तनाव पैदा हो गया, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका उम्मीदवार इस सीट से चुनाव लड़ेगा।

-अनिता कात्याल-

## फिजाओं में, आग घुलने लगी

बढ़ रही है, अब भीषण गर्मी
सूरज बना है आग का गोला
लोग होने लगे हैं हाल-बेहाल
यह धूप लगने लगी है शोला।
पेड़ों से, छाया हुई है नदारद
हरियाली सारी हुई हलाकान
पत्तियाँ सारी, झुलसने लगी
बंद हुए हैं फूलों की मुस्कान।
उदास गुए हैं सारे वन-उपवन
छाई चारो तरफ है, विरानियाँ
झूमना मचलना, काफूर हुआ
तपने लगी है ये सारी वादियां।
फिजाओं में, आग घुलने लगी
आग बरसने लगी दिशा-दिशा
दिन-वासर सब हुए हलाकान
थर्राने लगी है अब निशा-निशा
भरी दुपहरी, बनी है दावानल
संध्या लगती है, मुरझाई-सी
भोर की, बेला भी है, व्याकुल
थोड़ी लगती यह अकुलाई-सी।
अभी नही यहाँ, सुकून-शान्ति
न मिलेगी किसी को शीतलता
प्रकृति परिवर्तन तो निश्चय है
न छोंडे कोई,अपनी अधीरता।



**अशोक पटेल आशु**
,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## तू मेहनत करके तो देख

कोई कैसे नहीं संभलेगा,
सहारा देकर तो देख।
मंजिल तुझे जरूर मिलेगा,
तू मेहनत करके तो देख।।
कोई कैसे नहीं आएगा,
प्यार से बुलाकर तो देख।
सफलता तेरे पास आएगा,
तू मेहनत करके तो देख।।
कोई कैसे ठोकर खाएगा,
हाथ बढ़ा कर तो देख।
लक्ष्य तुझे मिल जाएगा,
तू मेहनत करके तो देख।।
कोई कैसे नहीं मानेगा,
प्यार से मना कर तो देख।
हर ख्वाब तेरा पूरा होगा,
तू मेहनत करके तो देख।।
कोई कैसे नहीं समझेगा,
प्यार से समझा कर तो देख।
हर काम तेरा सुलझेगा,
तू मेहनत करके तो देख।।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# लघुकथा : पश्चाताप

रमन और रश्मि का विवाह हुए अभी एक सप्ताह ही बीता था कि दोनों में लड़ाई झगड़ा और मारपीट शुरू हो गई। इसका
मुख्य कारण यह था की रमन की आमदनी का कोई पक्का साधन नहीं था वह एक बिजली का काम करने वाला साधारण व्यक्ति था। उसकी कोई दुकान तो नहीं थी। हां, जब कभीउसे कोई बुलाता था



तो वह काम पर चला जाता था। इस तरह घर का गुजारा चलता था। इसके विपरीत उसकी पत्नी बहुत अमीर घर की थी। उसको अपने घर वालों के अमीर होने पर बहुत अहंकार था। रमन में एक कमी थी कि वह सप्ताह में कम से कम दो बार शराब जरूर पीता था। शराब पीने के बाद वह घर में हो हल्ला करता था। अब उसका परिवार भी बढ़ गया था। समय बीतने के बाद पहले उसके एक लड़के और बाद में एक लड़की ने जन्म लिया। उसकी पत्नी उसे समझाने की कोशिश करती कि अब वह दो बच्चों का आप बन गया है अब तो कम से कम शराब पीना बंद कर दे और घर में सुख शांति कायम करने में मदद करें और बच्चों को अच्छे संस्कार दे। लेकिन रमन पर अपनी पत्नी की किसी बात का असर नहीं हुआ। वह पहले की तरह अपनी शराब की आदत को नहीं छोड़ सका। परिवार के बढ़ने के बाद उसकी आमदनी में तो वृद्धि नहीं हुई लेकिन हां उसका खर्चा जरूर बढ़ता जा रहा था। इस बात को लेकर पति-पत्नी में रोज कलह क्लेश होता था। एक दिन तंग आकर पत्नी ने पति को कह दिया, इससे तो अच्छा यही है कि तुम मर जाओ। कम से कम तुम्हारे से छुटकारा तो मिलेगा और घर में शांति तो आएगी। यह सुनकर रमन के मन पर न जाने क्या गुजरी कि उसने खुदकुशी कर ली। जब उसकी लाश को घर लाया गया तो पहले तो उसकी पत्नी हैरान होकर उसे देखने लगी। जब उसे मामले की गंभीरता महसूस हुई तो उसने रोना, चिल्लाना, अपनी चूड़ियां तोड़ना और बाल नोचना शुरू कर दिया। मोहल्ले वालों ने मिलजुल कर उसके पति का दाह संस्कार किया।

रमन की पत्नी की जिंदगी की कठिनाई का दौर शुरू हो गया। उसके अमीर मायके वालों ने उसकी कोई मदद नहीं की। बल्कि उन्होंने तो उसको टेलीफोन करना भी बंद कर दिया। अब उसके लिए घर चलाने की जिम्मेवारी आन पड़ी उसने बीए तो कर रखी थी। इसलिए उसने पहले घर में पढ़ाना शुरू किया और फिर किसी अन रिकॉग्नाइज्ड स्कूल में पढ़ना शुरू किया। लोगों की गंदी नजरों का वह शिकार होने लगी। लोग उसके चरित्र पर उंगलियां उठाने लगे। एक तरफ अपने बच्चों को पालने और दूसरी तरफ दुनिया के बुरे विचारों का मुकाबला करने में वह हिम्मत हारने लगी थी। उसको रह रहकर याद आता था कि किस प्रकार वह अपने पति के साथ झगड़ा करती थी। इस सारे के बावजूद भी उसका पति जैसे कैसे घर चलाने में उसकी मदद तो कर रहा था और उसको दुनिया की गंदी नजरों से भी बचा रहा था। यह सब सोच कर उसको बहुत ज्यादा पश्चाताप हुआ। रह रह कर उसको अपने पति के साथ किए गए दुर्व्यवहार तथा उसे खुदकुशी करने के लिए विवश करने के लिए शर्मिंदगी महसूस होने लगी थी। लेकिन अब क्या हो सकता था।



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# देश की बौद्धिकता की जड़ों को खोखला करता अज्ञानता,अंधविश्वास

## अंधविश्वास के विरुद्ध जन आंदोलन और चिंतन आवश्यकता

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है। शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए । इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है। उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है। ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं। यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है। और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है। तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।




**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# लघुकथा :अधूरी ख्वाहिश

मम्मी...मम्मी...सुनिए न! क्या हुआ मेरी गुड़िया? प्रातःकाल से इतना शोर क्यों मचा रही हो? मम्मी...मिन्नी स्वरबद्ध होकर बोली और आ कर पीछे से लिपट गई। अच्छा बताओ क्या बात है? मिन्नी बोली मम्मी मेरे दिमाग में बहुत अच्छा आइडिया आया है, आज के लिए। ओह! ऐसा आज कुछ खास दिन है क्या? मिन्नी अपनी आँखें बड़ी-बड़ी कर हैरान नज़रों से मम्मी को देखने लगी; तभी किचन में पापा जी भी आ गए और दोनों से पूछने लगे-क्या बात है? माँ-बेटी में क्या खुसुर-फुसुर हो रही है भई....! पापा जी थोड़ा मजाकिया अंदाज में बोले। नहीं...नहीं...ऐसी कोई बात नहीं है पापाजी कह कर मिन्नी किचन से चली गई। पापा जी के ऑफिस जाने के बाद मिन्नी बोली क्या मम्मी आप भी न... ऐसा बोलते ही शांत बैठ गई। ओहहो! ठीक है बाबा बताओ , क्या-क्या करना है? मिन्नी ने अपनी मम्मी को पूरी योजना बताई। मम्मी बहुत खुश हुई और बोली एक बिटिया ही तो होती है, अपने पापा के जीवन में हर छोटा-बड़ा सपना को साकार करने में लगी रहती है और बिल्कुल माँ जैसा ख्याल भी रखती है, भाव-विभोर हो मम्मी की आँखें भर आई। शाम होते ही पापा जी ऑफिस से घर लौटे, थोड़ी देर बाद मिन्नी पापा जी से बोली- पापा जी चलिए न मेरे कमरे में क्यों? पापा जी बोले। ऐसे ही....कुछ दिखाना है आपको। अच्छा चलो;मम्मी पापा और मिन्नी तीनों कमरे में गए। कमरे में बहुत अंधेरा था। बिटिया लाइट तो जलाओ। धैर्य रखिए बाबा....। इतनी भी क्या जल्दी है! मिन्नी पापा की लाडली जो थी। ओके बिटिया...।

लाइट जलाते ही पापा जी विस्मित भाव से देखने लगे। सहसा फूलों की वर्षा होने लगी, छोटे-छोटे लाइट जुगनुओं की तरह चमकने लगे, नीचे धरती पर मखमली घास बिछी थी, कोयल के सुमधुर आवाज की तरह धीमे स्वर में गाना चल रहा था, एक प्यार का नगमा है...........! टी-टेबल में बहुत सारी मिठाईयाँ, फल-फूल, केक वगैरह.... वगैरह....। केक कट करते ही मिन्नी पापा जी को एक गिफ्ट पैकिंग आहिस्ता से खोलने के लिए बोली। पापा जी भी मुस्कुराते हुए आहिस्ता-आहिस्ता खोलने लगे। खोलते ही उनकी आँखें नम हो गई और मिन्नी को गले से लगा लिया। पिता, बेटी को प्यार भरी नज़रों से देखने लगे। उन्होंने देखा पापा की एक फेवरेट लैपटॉप उनके सामने रखी हुई है।जिसकी पापा जी को बरसों से अभिलाषा थी। बेटा ये लैपटॉप!! ना...ना...पापा जी कुछ न कहिए ये आपके बहुत काम की है, आप दिन-रात, जाग-जाग कर मोबाइल में ही अपनी कविताएं टाइप करते रहते हैं। सो..... मैंने और मम्मी ने सोचा क्यों न पापा जी को सरप्राइज दे दें। पापा जी बोले आज मेरी बेटी इतनी बड़ी हो गई की पापा की ख्वाहिश पूरी कर रही है! मिन्नी पापा को गले लगा कर जन्मदिवस की बधाई देती हुई, हैप्पी बर्थडे पापा...हैप्पी बर्थ डे माई डियर पापा जी...! तभी कानों में मम्मी की आवाज सुनाई देने लगी.......मिन्नी अरी ओ गुड़िया, उठो! बेटा भोर हो गई। कितनी देर तक सोयेगी, ये लड़की भी न, पता नहीं आज इसे क्या हो गया? मिन्नी की आँखें खुलीं, चहुँओर सन्नाटा छाया था। जो कुछ भी हुआ एक स्वप्न था। मिन्नी, मम्मी को गले लगाती हुई अपने पापा को याद कर सिसकियाँ भर-भर कर रोने लगी।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अंतःकरण

सुनो !मुझे कुछ सुनाई दिया, देखो !मुझे कुछ दिखाई दिया।
पर तुम्हें नहीं? इसलिए कहती हूँ सामान्य
नहीं हूँ मैं,विशेष भी नहीं इन दोनों परिचयो से मुक्त हूँ।
जानने के इच्छुक हो मुझेमेरे अंतःकरण को तो?
आओ चिर परिचित कराती हूँ स्वयं से।किंतु
तुम्हें भी सामान्य और विशेष से मुक्त होना पड़ेगा।
मूंद लो ये दिखावे वाले नेत्रों को,जागृत करो अपनी इन्द्रियों को
अब आदेश करती हूँ स्वयं से भेंट करने का
ध्यान केंद्रित करो मेरे अंतःकरण पर!
देखो मेरे लघु हृदय में! कितना भव्य और विशाल
मंदिर स्थापित हो रखा है।
अब स्वयं के हृदय को गंगाजल से पवित्र करो।
क्योंकि इस मंदिर का कपाट इतनी सरलता से नहीं खुलेगा।
देखो कितने असंख्य दीप मैंने प्रज्वलित कर रखे हैं....
इन दीपों से दिव्य रोशनी प्रस्फुटित हो रही है
जिसे तुम्हारे सामान्य नेत्र बर्दाश्त नहीं कर पाते।
देखो उसमें एक देवता की मूर्ति भी स्थापित है जो
मन देवी के देवता हैं! सुनो! इस मंदिर के विशाल
घंटियों,शंखों के नाद को मन देवी के मंदिर में
तुम्हें ऐसे-ऐसे पुष्प मिलेंगे जो अन्यत्र दुर्लभ हैं।
जिनकी सुगंध से संपूर्ण मंदिर सुगंधित हो रखा है
इस मंदिर में चढ़े हुए फल और प्राप्त फल भी।
अन्यत्र दुर्लभ हैं क्योंकि यह मन देवी के
अंतः करण का मंदिर हैमन देवी मंदिर है।



**मांडवी सिंह,**
,कुशीनगर-
उत्तर प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# महिला मजदूर के साथ बलात्कार,राजमिस्त्री गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



महिला मजदूर के साथ बलात्कार किए जाने के मामले में पुलिस ने राजमिस्त्री को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। 30 मार्च को पीड़िता ने थाना गांधीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मजदूरी का काम करती है, व एक राजमिस्त्री भी वहां काम करता है। जिसका नाम पीड़िता मिस्त्री के नाम से जानती है, जिसका मोबाईल नम्बर पीड़िता के पास मौजूद है। कि 4 मार्च को गोधनपुर चर्च के सामने बन रहे निर्माणाधीन भवन में काम करने जाती थी। कि लगभग दोपहर 2 बजे पीड़िता बाथरूम के लिए मैदान की झाड़ी तरफ गई, उसी दौरान आरोपी राजमिस्त्री मौका पाकर पीड़िता के साथ जबदस्ती दुष्कर्म किया, और किसी को नहीं बताने के लिए बोला गया, नहीं तो जान से मारने की धमकी दिया गया। उसके बाद आरोपी राजमिस्त्री द्वारा पुनः पीड़िता को दिनांक 27 मार्च को मोबाईल के माध्यम से सम्पर्क किया गया, पीड़िता उस दरम्यान एसबीआई बैंक के पास थी, आरोपी राजमिस्त्री वहां ऑटो लेकर आया व काम बकाया पैसा ले जाओ बोलकर पीड़िता को ऑटो में बैठाकर अजिरमा तरफ खेत में ले गया, और वहां भी आरोपी राजमिस्त्री द्वारा पीड़िता के साथ जबरन जान से मारने की धमकी देते हुए पुनः दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। जिसपर से सदर धारा 376(2)(एन), 506 भादसं का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला पंजीबद्ध उपरांत आरोपी राजमिस्त्री को मौजूद मोबाईल नम्बर के माध्यम से पता-तलाश की जा रही थी, तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी राजमिस्त्री का निवास कल्याणपुर होना ज्ञात हुआ, जिसका पता-तलाश कल्याणपुर जाकर किया गया, और मोबाईल नम्बर और आरोपी राजमिस्त्री को पकडक़र विधिवत् रूप से पहचान कार्यवाही गई। पीड़िता आरोपी की पहचान किये जाने पर आरोपी श्यामलाल रवि, उम्र 40 वर्ष, निवासी कल्याणपुर, थाना जयनगर, जिला सूरजपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# शहर के पुराने बस स्टैंड की एक हार्डवेयर दुकान में लगी आग

- सवाददाता -
सूरजपुर, 02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।





शहर के पुराने बस स्टैंड की एक हार्डवेयर दुकान में लगी आग से न केवल अफरातफरी का माहौल रहा बल्कि बड़े नुकसान का अनुमान है। आग बुझाने के लिए पांच दमकल गाड़ियों का सहारा लेना पड़ा और इसके लिए घण्टो मशक्कत करनी पड़ी।इस हादसे में एक युवक बुरी तरह झुलस गया है।जिसे अम्बिकापुर रिफर किया गया है।बताया गया है कि पुराने बसस्टैंड स्थित मां लक्ष्मी हार्ड वेयर दुकान संचालक के गोदाम में बेल्डिंग का कार्य चल रहा था।इसी बेल्डिंग की चिंगारी से गोदाम में रखे समानों में आग लगी और देखते देखते आग ने भयावह रूप ले लिया जिससे गोदाम में रखा सामान धू धू कर जलने लगा।इधर आग की लपटें दुकान तक भी पहुँच गई।दुकान व गोदाम में चूंकि थिनर, पेंट,प्लाई आदि रखे हुए थे जो आग को हवा देने का काम कर रहे थे।जिससे आग अपने रौद्र रूप में आ गई।आग लगते ही आसपास में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

### पांच दमकल गाड़ियों पड़ी बुलानी

बताया गया है कि आग की सूचना पर अग्निशमन दल के लोग तमाम साजो सामान के साथ मौके पर पहुँचे और गोदाम की दीवार तोड़ कर अंदर घुस कर आग पर काबू पाने की जद्दोजहद की।इधर बैकुंठपुर, विश्रामपुर एसईसीएल से भी दमकल वाहनों को बुलाना पड़ा।घण्टो मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।आसपास के लोगो ने भी आग बुझाने में बड़ी मदद की।इस घटना से दुकान संचालक को बड़े नुकसान का अनुमान है।

### पुलिस ने सम्हाला मोर्चा


आग लगने की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग वहां पहुँच गए और वैसे भी बस स्टैंड में शाम के समय काफी रस रहने के कारण आवाजाही में दिक्कत न हो इसे ध्यान में रखते हुए कोतवाली पुलिस ने मोर्चा सम्हाल कर व्यवस्था बनाने सक्रिय भूमिका अदा की।

### झुलसे युवक को भेजा गया अम्बिकापुर

इस हादसे में ग्राम पम्पापुर का अजय साहू नामक युवक बुरी तरह झुलस गया है। बताते है कि युवक बेल्डिंग कर रहा था और इसी दौरान आग लगने से वह इसकी चपेट में आ गया।जिसे तत्काल अम्बिकापुर ले जाया गया जहाँ से अम्बिकापुर रिफर कर दिया गया है।







# रिशु हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**आरोपियों के घर को भी जमीदोज कर दिया गया**

- संवाददाता -
प्रतापपुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।





प्रतापपुर बहुचर्चित रिशु जघन्य हत्याकांड से जहां पूरा छत्तीसगढ़ में हड़कंप मच गया था वही रिशु के हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए हैं। तथा आरोपियों के घर को भी जमीदोज कर दिया गया। वही शासकीय भूमि में अवैध कब्जा को लेकर 6 घर वा दुकान में से चार घरों को जमीदोज प्रशासन द्वारा कर दिया गया आज करीब एक महीना बीत जाने के बाद भी जहां दो घरों के कमिश्नर से स्टे होने के बाद आज तक नहीं टूटने के कारण आम लोगों व परिजनों में भारी आक्रोश फैला हुआ है। लगातार शासन प्रशासन ने आजकल आजकल करते हुए टाल मटोल के वजह से दो घरों को राजनीतिक दबाव में बचाने का षड्यंत्र बताया जा रहा है। जहां परिजनों ने आरोप लगाया कि आज तक आरोपियों के दो घरों को शाशन द्वारा तोड़ना था मगर अब तक नहीं टूट पाया। जिससे आम जनता में फिर से आक्रोश व्याप्त हो रहा है जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

तथा प्रतापपुर में अपराधियों को व उनके परिजनों को किसी पर प्रकार का संरक्षण ना मिले इसके लिए चर्चा व्याप्त है। तथा कहीं भी किराए का मकान या दुकान इनको ना मिले इसके लिए पूरे नगर वासी एकजुट होकर चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

दिल दहला देने वाली रिशु कांड हत्या में 10 वर्षीय बच्चे को मार कर फिरौती की मांग करने वाले दो आरोपी ने बड़े ही बेदर्दी तरीके से रिशु के शव को मार कर पीस पीस में काटकर आज के हवाले कर सौ को जला दिए थे। जहां इस हत्याकांड का आज भी लोगों में चर्चा बना हुआ है।

रिशु हत्याकांड में हत्यारों के दो परिजन का जहां मकान में स्टे लगने के कारण नहीं टूट पाया है वही हत्यारों के परिजन इधर-उधर दुकान लगाने के लिए गुंडागर्दी एवं दहशतगर्दी सहित दबंगई का हवाला देते हुए। आर्यन ताम्रकार,शनि ताम्रकार पिता भोला ताम्रकार द्वारा लगातार लोगों को धमकी दी जा रही है है कि रिशु हत्याकांड के आरोपियों के परिजन आज सुबह बस स्टैंड में आकर जबरन ठेला दूसरे का हटाकर अपना ठेला लगाने लगे तथा यह करने वालों की रिशु के हत्या में अभी हम लोगों में दो लोग ही अंदर गए हैं और हम लोग अभी बाहर हैं सोच समझकर हम लोगों से उलझना नहीं तो तुम सभी लोगों को अंजाम भुगतना होगा और तुम लोग के भी बच्चों का टुकड़ा टुकड़ा कर देंगे व इन लोगों के द्वारा दूसरे को ठेला को पलट दिया गया जिसके कारण माहौल बस स्टैंड का काफी उत्तेजित हो गया और लोगों का आक्रोश फूट पड़ा देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। आरोपियों के इन परिजनों के बढ़ते हुए दबंगई से पूरा नगर दहशतगर्द है। और मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई थी मगर किसी तरह से बीच बचाव किया गया

और बड़े हिंसा के वारदात को होते-होते रोका गया।

जिसका शिकायत प्रतापपुर थाने में व नगर पंचायत सीएमओ के समक्ष नाम जप्त रिशु हत्याकांड में आरोपी दोनों के परिजनों के खिलाफ लिखित रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई। और बस स्टैंड से माहौल गर्म होते हुए थाना जाकर पहुंची सैकड़ो की संख्या में लोग थाना जाकर उक्त दोनों लोगों के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर लगातार 3 घंटा थाना के सामने डटे रहे तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस घटना का घोर निंदा करते हुए लोगों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग किया तथा आरोपियों के घर को जल्द प्रशासन व शासन से जमीदोज करने की मांग की है। उक्त घटना के बाद में नगर के लोग सहमे हुए हैं तथा भारी आक्रोश फिर से आम जनता का पनप सकता है शासन प्रशासन को ईश्वर विशेष रूप से ध्यान देते हुए उचित कार्यवाही करना अनिवार्य होगा नहीं तो फिर से प्रतापपुर की शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

इस विषय में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि फिलहाल शांति व्यवस्था कायम की जा रही है तथा मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उक्त घटना के बाद से नगर में पुलिसिंग व्यवस्था तेज कर दी गई है।

# 44 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

धौरपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में 44 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




धौरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की ग्राम चितरपुर टोंगरीपारा निवासी अर्जुन नागेश काफी दिनों से महुआ शराब का बिक्री व परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस 1 अप्रैल को छापेमारी कर उसके कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी अर्जुन नागेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने ग्राम चंगोरी मंदिरपारा निवासी रामवचन राम के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके खिलाफ धारा 34(1)(क) के तहत कार्रवाई की है।

# अधिकार अभिलेख में ओवर राइटिंग के साथ सफेदा लगाकर चढ़ाए जा रहे फर्जी नाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कार्यालय के नकल शाखा में नायब तहसीलदार को प्रभारी बनाकर उन्हीं के हस्ताक्षर से नकल प्रदाय करने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने मामले की शिकायत



कलेक्टर से की है। उन्होंने शिकायत में बताया है कि शहर के आस-पास के ग्रामों के साथ ही लुण्ड्रा के लालमाटी, दरिमा, कांतीप्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर, समेत अनेक ग्रामों के अधिकार अभिलेख में ओवर राइटिंग के साथ सफेदा लगाकर फर्जी नाम चढ़ा दिया गया है परन्तु संदिग्ध होने के बाद भी नकल शाखा के प्रभारी लिपिक धडल्ले से नकल दिये जा रहें हैं। जिससे अनेक शासकीय जमीनों का आबंटन, हस्तांतरण, नामांतरण फर्जी तरीके से किया जा रहा है। तत्काल ही उसकी बिक्री भी कर दी जा रही है। ऐसे में नायब तहसीलदार संवर्ग का अधिकारी को नकल शाखा का प्रभारी बनाया जाये एवं उसे निर्देश हो कि संदिग्ध प्रविष्टि को वह उच्च अधिकारियों को सूचित करे एवं नकल प्रदान नहीं करे। कैलाश मिश्रा ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# घरेलू विवाद पर युवक ने पिता को मारने के लिए टांगी लेकर दौड़ाया,फिर बाइक में लगा दी आग



- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

घरेलू विवाद पर युवक ने अपने पिता के साथ विवाद कर रहा था। इस दौरान गुस्से में आकर टांगी से पिता के घर के दरवाजे को टांगी से काट दिया और पिता को मारने के लिए टांगी लेकर दौड़ाने लगा। पिता किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। इधर गुस्साए बेटा ने पिता की बाइक को आग लगा दी। इससे जलकर पूरी तरह खाक हो गई। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटा को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार समीर साय एक्का ग्राम दर्रीडीह चौकी रघुनाथपुर का रहन वाला है। वह पिता से अलग रहता है। 2 अप्रैल की रात को घरेलू विवाद पर समीर अपने पिता कमल साय के साथ विवाद कर रहा था। इस दौरान गुस्से में समीर ने पिता के घर के दरवाजा को टांगी से काट दिया और पिता को मारने के लिए टांगी लेकर दौड़ाने लगा। पिता भाग कर अपनी जान बचाई। इसके बाद भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो वह पिता की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 2814 को आग लगा दिया। जिससे बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पिता ने मामले की रिपोर्ट रघुनाथपुर चौकी में दर्ज कराई थी। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 294, 506, 427, 436 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक राकेश एक्का, आरक्षक अरविंद तिवारी, आरक्षक मकरध्वज पैंकरा इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



# नाबालिग लडक़ी का अपहरण,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम कोट से 31 मार्च को एक नाबालिग लडक़ी को अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में रघुनाथपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लडक़ी को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को 15 दिन पूर्व रिश्तेदार के घर ग्राम कोट छाड़ा था। यहां से 31 मार्च की रात को अज्ञात व्यक्ति द्वारा लडक़ी को अपहरण कर लिया गया था। बच्ची के पिता ने मामले की रिपोर्ट रघुनाथपुर चौकी में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 363 कायम कर बच्ची व आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को अंबिकापुर संजय पार्क निवासी इबरान अंसारी के कब्जे से बरामद किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# ऑनलाइन डिलिवरी कपनी के कर्मचारी ने किया था 11.65 लाख का गबन,आरोपी गिरफ्तार

- सवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



ऑनलाइन डिलिवरी कपनी के कर्मचारी द्वारा 11 लाख 65 हजार 9 सौ 46 रुपए गबन कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ऑनलाइन डिलिवरी कंपनी का शाखा अंबिकापुर संजय पार्क के पास है। अमरनाथ साहू कंपनी में टीम लीटर के रूप में कार्यरत था। जिसका काम कैश ऑन डिलिवरी का रुपयों का हिसाब रखना व कंपनी के खाते में जमा करवाना। 10 दिसंबर 2023 को कैश ऑन डिलिवरी 11 लाख 65 हजार 946 रुपए कंपनी के खाते में जमा करने के लिए ले गया था पर उक्त रुपए को कंपनी के खाता में जमा नहीं किया गया। कंपनी के सिक्यूरिटी मैनेजर शशि भूति जिला दुर्ग द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी बार-बार अपना ठीकाना बदलकर नेपाल, बनारस, प्रयागराज भिलाई आदि स्थानों पर रह रहा था। बार-बार स्थान बदलने के कारण पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की आरोपी किसी काम से अंबिकापुर आने वाला है। जिसे पुलिस ने 2 अप्रैल को मिशन चौक के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 हजार रुपए नकद बरामद किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406, 408 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# आकस्मिक् सड़क दुर्घटना एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही

- » आमजनों से अपील किया गया है, कि यातायात नियमों का समुचित पालन करें एवं चालानी कार्यवाही से बचें...
- » आमजनों एवं व्यापारियों से अपील है, कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में करें पुलिस का सहयोग...
- » दुपहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालन पर कुल 02 प्रकरणों में 1000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल...
- » रेड सिग्नल जम्प/खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर कुल 07 प्रकरणों में 14000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- » अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर कुल 08 प्रकरणों में 5000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- » मोडिफाईड सायलेंसर पर कुल 01 प्रकरणों में 5000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- » बगैर सीट बेल्ट के प्रयोग करने पर कुल 01 प्रकरण में 500/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- » आदेशों का अवहेलना करने पर कुल 03 प्रकरणों में 1500/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- » प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन पार्किंग पर 01 प्रकरण में 2000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- » विगत दो दिवस में अन्य धाराओं के तहत् कुल 99 प्रकरणों में 67350/- रूपये का समन शुल्क किया गया वसूल
- » यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् एमव्ही एक्ट की कार्यवाही जारी रखी गई है, जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिदिन एमव्ही एक्ट की कार्यवाही की जा रही है। जिले में प्रायः आकस्मिक सड़क दुर्घटनाऐं एवं आपराधिक गतिविधियां देखने को मिलती रहती है, सड़क दुर्घटना से कितनी जान चली जाती है, एवं सड़क के माध्यम से अवैध तस्करी, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण एवं अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियां जैसे मामलों को अंजाम दिया जाता है। इसके अलावा शहर में हमेशा यातायात व्यवस्था बाधित होते रहती है, इसका मुख्य कारण है, अवैध (बेतरतीब) रूप से वाहन पार्किंग करना। सरगुजा पुलिस का मुख्य उद्देश्य आकस्मिक सड़क दुर्घटनाऐं की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम एवं शहर की समुचित यातायात व्यवस्था जिससे आमजन सुरक्षित ढंग से अपना आवागमन कर सकें, आपराधिक गतिविधियों को शिकार न हों एवं आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके के लिए पुलिस द्वारा विशेष तौर पर तीन सवारी वाहन चालन, मोबाईल का प्रयोग करते हुए वाहन चालन, लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन, ब्लैक फिल्म का प्रयोग, अवैध (बेतरतीब) रूप से वाहन पार्किंग इत्यादि चालकों के विरूद्व प्रतिदिन एमव्ही एक्ट की कार्यवाही की जा रही है। व यह कार्यवाही आगे भी जारी रखी जायेगी।

सरगुजा पुलिस द्वारा पुनः आमजनों से अपील है, कि यातायात नियमों का समुचित पालन करें एवं चालानी कार्यवाही से बचें एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में पुलिस का भरपूर सहयोग करें। जिससे यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके, इसके अलावा आकस्मिक दुर्घटनाओं एवं आपराधिक गतिविधियों पर भी रोकथाम की जा सके।

यातायात पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत विगत दो दिवस में उपरोक्त विभिन्न धाराओं के तहत् कुल 122 प्रकरणों में 96350/- रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है।

# आलोचनाओं से बेपरवाह नवाज शरीफ, एक और सरकारी बैठक की अध्यक्षता की

**इस्लामाबाद, 02 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने हाल ही में अपनी बेटी और पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के साथ एक और प्रशासनिक बैठक की अध्यक्षता की। इसको लेकर उनकी खूब आलोचना हो रही है, क्योंकि वह प्रांतीय सरकार में किसी संवैधानिक पद पर नहीं है। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के सुप्रीमो शरीफ ने पंजाब प्रांत में एक बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान प्रांत के कृषि क्षेत्र के सामने आने वाले मुद्दों की समीक्षा की गई। प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता को लेकर नवाज शरीफ पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि वह प्रांतीय या संघीय सरकार में किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं। वह केवल नेशनल असेंबली के सदस्य हैं। आम चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत न मिलने के बाद शरीफ ने सरकार से दूर रहने का एलान किया था। हालांकि बाद में उन्हें पंजाब की प्रांतीय सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता या सह-अध्यक्षता करते देखा गया। इससे पहले मार्च में शरीफ ने प्रांतीय सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की थी। शरीफ ने संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों को प्रांत में विभिन्न ढांचा परियोजनाओं के संबंध में निर्देश जारी किए थे। जिसमें भूमिगत ट्रेन और मेट्रो बस, किसानों दुर्दशा, छात्रों के लिए इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और रमजान राहत पैकेज शामिल है।



आठ फरवरी को हुए आम चुनाव शरीफ लाहौर सीट से चुने गए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने पीएमएल-एन पर जनादेश की चोरी करने का आरोप लगाया था।

इस्लामाबाद बाद पहुंचने से पहले नवाज शरीफ 1980 के दशक में दो बार पंजाब के मुख्यमंत्री भी रहे। वह लगातार तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। अभी उनके भाई शहबाज शरीफ दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं।

# सुनहरे भविष्य की तैयारी हुई शुरू

- » ग्रीष्मकालीन विशेष उत्कर्ष कोचिंग में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के कठिन विषयों की कक्षाएं जारी,15 जून तक होंगी संचालित
- » कलेक्टर विलास भोस्कर ने समय का सदुपयोग कर नियमित कक्षाओं में उपस्थित होने एवं लगन के साथ पढ़ाई करने बच्चों को किया प्रेरित





- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिला प्रशासन की विशेष पहल पर जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष कोचिंग उत्कर्ष क्लासेस की शुरुआत 01 अप्रैल से हो चुकी है। कलेक्टर श्री विलास भोस्कर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेन्ड्राकला में संचालित कोचिंग में अध्ययनरत बच्चों से मिले। उन्होंने बच्चों से कहा कि ये विशेष कक्षाएं ग्रीष्मावकाश के समय के सदुपयोग के लिए संचालित की जा रहीं हैं, ताकि बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अतिरिक्त समय मिल सके और परीक्षा परिणाम अच्छा हो। उन्होंने बच्चों को कोचिंग के महत्व के बारे में बताया और नियमित कक्षा में आकर, लगन के साथ पढ़ाई करने प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस दौरान शिक्षकों से कक्षा में कुल दर्ज संख्या और कोचिंग में उपस्थित बच्चों की संख्या की जानकारी ली तथा कहा कि जो बच्चे कोचिंग हेतु नहीं आ रहें हैं उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें प्रेरित करें और कोचिंग के महत्व को बताएं। कोशिश करें कि शत-प्रतिशत बच्चे कक्षा में उपस्थित हों।

बता दें आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिये अध्ययनरत कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं 12 वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित व जीवन विज्ञान संकाय में 01 अप्रैल 2024 से कक्षाएं शुरू हुई हैं, जो 15 जून 2024 तक संचालित होंगी। जिले के कुल 35 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सुबह 8 बजे से 11 बजे कक्षाएं संचालित की जा रहीं हैं। हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगी जिसमें सोमवार से गुरुवार तक कक्षाओं का संचालन होगा और हर शुक्रवार को साप्ताहिक मूल्यांकन होगा।

# सिकल सेल के मरीजों की जांच एवं उपचार जारी, अब तक 19340 मरीजों की हुई स्क्रीनिंग

## लू से बचने सीएमएचओ ने बताए टिप्स...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक डॉ जगदीश सोनकर द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आदिवासी अंचलों एवं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शत प्रतिशत लाभ लोगों को नियमित रूप से मिले, इसके लिए स्वास्थ्य अमले के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत एनीमिया, टीबी रोकथाम, गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, सिकल सेल, टीकाकरण, मलेरिया,फाइलेरिया के मरीजों का जांच, उपचार तथा काउंसलिंग नियमित रूप से कराया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ आरएन गुप्ता ने बताया कि मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ सोनकर के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर श्री विलास भोस्कर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के विशेष प्रयासों से विगत 03 माह के भीतर ही सिकल सेल के मरीजों को जांच एवं उपचार हेतु अभियान में प्रगति हुई है। सिकल सेल में अब ग्राम स्तर पर मितानिन, एएनएम तथा स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी के माध्यम से मरीजों का चिन्हांकन कर उनके जांच निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा है। वर्तमान में सिकलिंग के कुल 19340 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें सिकल सेल रोग के वाहक 450 मरीज तथा सिकल सेल रोग से ग्रसित 360 मरीजों का इलाज हाइड्रोक्सी यूरिया दवाई के द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन एवं भुगतान एक सतत प्रक्रिया है। विगत माह के कुछ भुगतान भौतिक सत्यापन पूर्ण नहीं होने के कारण लंबित है जिनका सत्यापन पश्चात सही पाये जाने पर समस्त भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।



इसी तरह बढ़ती गर्मी से बचने के लिए समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में जिंक कॉर्नर बनाने के निर्देश अनुसार ओआरएस का पाऊडर व जिंक की गोलियां उपलब्ध कराई जा रही है। सीएमएचओ डॉ गुप्ता ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी व खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिये बहुत जरूरी ना हो तो घर से बाहर न जायें, धूप में निकलने से पहले सर व कानों का कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पिये, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनना चाहित ताकि लू से बचा जा सके। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य केन्द्रों में लोगों की निःशुल्क चिकित्सा जांच, जांच उपरांत निःशुल्क दवा वितरण, जिसमें मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग, सिकल सेल, एनीमिया इत्यादि बीमारियों की जांच एवं पहचान और इलाज, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और सलाह, उल्टी दस्त से बचाव, लू से बचाव, बच्चों में निमोनिया से बचाव तथा उनके इलाज के संबंध में सलाह, सहित ओआरएस के उपयोग का तरीका सिखाया जा रहा है।

# वार्षिक परीक्षा के दिन घर में आराम फरमा रहा था प्रधानपाठक, डीईओ ने किया निलंबित

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा जिले के लुंड्रा विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र उरदरा के जनशिक्षक 1 अप्रैल को प्राइमरी स्कूल बगीचापारा के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पाया कि प्रधानपाठक ललकू राम बिना किसी पूर्व सूचना के स्कूल से नदारद है, जबकि स्कूल में वार्षिक परीक्षा थी। वार्षिक परीक्षा भी नहीं ली जा रही थी। इसके बाद उन्होंने मोबाइल पर प्रधानपाठक से संपर्क किया तो प्रधानपाठक ने अपशब्दों का प्रयोग किया। इधर जनशिक्षक द्वारा वार्षिक परीक्षा ली जा रही थी। इसी बीच प्रधानपाठक स्कूल में पहुंचा और जनशिक्षक से हाथ से निरीक्षण प्रतिवेदन छीनकर फाड़ दिया। प्रधानपाठक द्वारा की गई बदसलूकी की शिकायत जनशिक्षक ने लुंड्रा बीईओ से की। बीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर प्रथमदृष्ट्या अनुशासनहीनता, घोर लापरवाही व उदासीनता पाए जाने पर डीईओ ने प्रधानपाठक ललकू राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर में पाककला प्रतियोगिता, रेस्टोरेंट सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता, सकोरा निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि एवं निर्णायक के रूप में सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वेच्छा सिंह, अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती स्मृता अग्रवाल तथा श्रीमती राजलक्ष्मी कंवर, श्रीमती कोमल नायक , प्रीति तिवारी, रजनीश कुमार, सत्यनारायण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के दिशा निर्देश और विभागाध्यक्ष रानीरजक के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।





# मैनपाट घूमाने के नाम पर ले गए दोस्तों ने कोल्ड ड्रिंक में पिलाई शराब नाबालिग बहनों सहित 3 लड़कियों से गैंग रेप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के जशपुर में 4 दोस्तों ने 3 नाबालिग लड़कियों से गैंगरेप किया। इनमें 2 लड़कियां सगी बहने हैं। लड़कियों को आरोपी घुमाने का झांसा देकर साथ ले गए थे। इसके बाद बेहोश कर दुष्कर्म किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के मुताबिक, सीतापुर निवासी सुनील अजगले (35), अभिषेक अजगले (22) और एक नाबालिग आपस में दोस्त हैं। तीन आरोपियों की लड़कियों से पहले से ही जान-पहचान थी। वे लड़कियों को अपनी कार में बैठाकर किलकिला मंदिर ले गए।

किलकिला मंदिर से कापू होते हुए वे लड़कियों को मैनपाट की ओर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर लड़कियों को पिला दी।



जब लड़कियां बेहोशी की हालत में आई तो आरोपी उन्हें मैनपाट के जंगल में ले गए और वहां रेप किया।

इसके बाद तीनों लड़कियों को आरोपी पत्थलगांव बस स्टैंड पर छोड़कर भाग निकले। वहां से एक लड़की ने अपने एक नाबालिग दोस्त को कॉल किया। उसे जानकारी देकर मदद मांगी। आरोप है कि नाबालिग दोस्त भी उस लड़की को अपने साथ जशपुर के मिलन लॉज में ले गया और वहां रेप किया।

काफ़ी देर इंतजार के बाद भी जब बहन नहीं लौटी तो दोनों लड़कियों ने घर वालो को कॉल कर जानकारी दी। इसके बाद परिजन ने पत्थलगांव पुलिस से मदद मांगी और लड़की की तलाश शुरू की। लॉज के कमरे में दोनों आपत्तिजनक हालत में मिले।

## पीड़ित लड़कियां भी 15 से 17 साल की

SDOP धुर्वेश जायसवाल ने बताया कि 3 नाबालिग बच्चियां से उनके 3 दोस्तों ने रेप किया है। लड़कियां भी 15 से 17 साल की हैं। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में 2 टीमें गठित की गई थीं। पुलिस ने सुनील अजगले, अभिषेक अजगले और दो नाबालिगों को पकड़ा है।

# संभागायुक्त ने किया बलरामपुर जिले का सघन दौरा

- » सीमावर्ती चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सतत् निगरानी रखने के दिया निर्देश



- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभागायुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने बलरामपुर दौरे में पहुंचकर झारखंड सीमा से लगे कन्हर चेकपोस्ट एवं जिले के विभिन्न अधोसंरचनात्मक कार्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सनावल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह साथ रहे।

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट बनाए गए हैं। सरगुजा संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने जिले के झारखंड सीमा से लगे कन्हर चेकपोस्ट का निरीक्षण कर तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए सख्ती से कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राज्यीय वनोपज जांच नाका, पुलिस चेकपोस्ट सहित स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा संधारित किये जा रहे पंजियों का अवलोकन कर दर्ज किये गये कुल प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगदी, आभूषण एवं अवैध शराब के परिवहन पर वाहनों की सतर्कता से जांच के साथ कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिये।




## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सनावल का किया निरीक्षण

मौसम में परिवर्तन एवं अनियमित खान-पान के कारण क्षेत्र के कुछ लोगों में उल्टी-दस्त के लक्षण पाये गये थे। जिसके पश्चात कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। इसी कड़ी में सरगुजा कमिश्नर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सनावल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था को परखा। उन्होंने ग्रसित मरीजों से चर्चा कर उनका हाल चाल जाना तथा डॉक्टरों से दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। श्री चुरेन्द्र ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पहले से ही समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला ने सड़क पर दिया बच्ची को जन्म

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला ने आज खरसिया चौक स्थित फल दुकान के सामने सड़क पर बच्ची को जन्म दिया है। निजी नर्सिंग होम में चेकअप के लिए आई गर्भवती महिला को डिलीवरी बाद में होने की बात कह वापस भेज दिया गया था, वह अपने पति के साथ वापस गांव जाने खरसिया चौक पर बस का इंतजार कर रही थी।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर बतौली निवासी दंपति आज मंगलवार को चेकअप कराने निजी नर्सिंग होम अंबिकापुर आये थे। जहां सोनोग्राफी के बाद डिलीवरी का समय अभी नही हुआ है यह कहते हुए उन्हें वापस भेज दिया गया। दंपति वापस गांव जाने खरसिया चौक पर बस का इंतजार कर रहे थे तभी महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने लगी। गर्भवती महिला ने फल दुकान के सामने खुली सड़क पर बच्ची को जन्म दिया। कुछ ही देर में पहुंची एंबुलेंस की सहायता से महिला और बच्ची को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज मातृ शिशु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की स्थिति बेहतर बताई जा रही है।

# क्या जहां-जहां सुपर कॉप प्रधान आरक्षक रहेंगे...

# वहां- वहां अवैध कारोबारियों को मिलता रहेगा संरक्षण...

## सुपर कॉप के पुलिस चौकी क्षेत्र में पकड़ाया बड़ा जुआ फड़ ?

### एक प्रधान आरक्षक के संरक्षण में पोड़ीबचरा क्षेत्र में चल रहा था जुए का खेल,साइबर व सिटी कोतवाली के टीम ने की कार्यवाही...

### क्या कार्यवाही के बाद एक बार फिर प्रधान आरक्षक हुए एक्सपोज ?

### जुआ का मास्टरमाइंड साथ ही सहयोगी एस कुमार हुआ मौके से फरार:सूत्र

» कोई एस कुमार नाम का व्यक्ति प्रधान आरक्षक के साथ मिलकर चलाता था पोड़ी बचरा क्षेत्र में जुआ फड़:सूत्र

» कोरिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही 14 जुआरियों से 1 लाख 42 हजार से ज्यादा की रकम जप्त

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के पोड़ी बचरा पुलिस चौकी क्षेत्र में लंबे समय से एक प्रधान आरक्षक के वहां जाने के बाद से चल रहा था जुए का बड़ा खेल...लग रहे थे रोज लाखों के दांव...सिटी कोतवाली व साइबर की टीम ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कर दी छापेमारी और हुई बड़ी कार्यवाही और खुल गई उस प्रधान आरक्षक की पोल पर मौके से फरार हुआ इस फड़ का मास्टरमाइंड एस कुमार जो सूत्रों के अनुसार प्रधान आरक्षक के सह पर जुआ फड़ चलाता था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी पोड़ी बचरा के अंतर्गत जब से एक प्रधान आरक्षक की पदस्थापना हुई है वहां पर किसी एस कुमार नाम के व्यक्ति के द्वारा एक प्रधान आरक्षक के संरक्षण में जुआ खिलाया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने साइबर व सिटी कोतवाली की एक टीम गठित कर कार्यवाही के लिए भेजी जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली और प्रधान आरक्षक के संरक्षण की पोल भी खुल गई, पकड़ाए जुआड़ियों ने सूत्रों के अनुसार इसकी जानकारी पुलिस को भी दी और यह बात अधिकारियों तक भी पहुंच चुकी है पर अब क्या प्रधान आरक्षक पर कार्यवाही होगी? यह तो अंदर खाने की बात है। पर जुआ का पकड़ाना इस बात को सत्यापित करता है कि प्रधान आरक्षक के संरक्षण में जुआ फड़ बड़े स्तर पर संचालित हो रहा था।

### 14 जुआड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे

कोरिया पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 14 जुआरियों को पकड़ने में सफलता पाई है, पुलिस कप्तान कोरिया के निर्देश पर डीएसपी कविता ठाकुर के साथ पुलिस टीम ने पोड़ी बचरा क्षेत्र में चल रहे बड़े जुआ फड़ पर धावा बोला, जहां से कोरबा सहित कई क्षेत्रों से आये 14 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा और उन्हें बैकुण्ठपुर थाने लेकर पहुंचे, जुआरियों के साथ 3 लक्जरी वाहनो को भी पुलिस ने जप्त किया है, लगभग 1 लाख 42 हजार से ज्यादा की राशि भी बरामद हुई है। साथ मे पुलिस ने 12 मोबाइल भी जप्त किये है। खबर लिखे जाने तक पुलिस की कार्यवाही जारी थी।

### पकड़े गए जुआरियों के नाम

पकड़े गए जुआरियों में पुष्पराज पिता बच्चा लाल निवासी सिरमिना विदयानगर थाना पसान जिला, कोरबा, मो0 असरफ पुरनी वस्ती कोरबा थाना कोरबा जिला कोरबा, अफजल अली पोडी बहार कोसाबाडी थाना रामपुर जिला कोरबा, जमरीददीन, बस स्टैण्ड थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, अरूण कुमार बंजारा उम्र 45 वर्ष ग्राम सरमा थाना पसान जिला कोरबा, भुवन दास पिता, जुनाडीह धुरैना थाना दीपिका जिला कोरबा, कालीचरण, आजाद चौक दीपिका थाना दीपिका जिला कोरबा, मो0 अनीश पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला कोरबा, विनोद हंसराजानी मेन रोड कोरबा राम सागरपारा थाना कोतवाली जिला कोरबा, सहादत अली पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला कोरबा, ऋषभ सोनी तिलकनगर कटघोरा जिला कोरबा, यशवंत यादव जांजगीर चौकी जिला जांजगीर, कुलदीप पुरासुर हल्दीबाडी चिरमिरी जिला एमसीबी, शिवानंद तिवारी हल्दीबाडी चिरमिरी जिला एमसीबी चिरमिरी।



### प्रधान आरक्षक के संरक्षण में एस कुमार नाम का व्यक्ति करता था जुआ फड़ का संचालन

विशेष सूत्र के अनुसार जुआ फड़ जो पोड़ी बचरा क्षेत्र में संचालित था को एक प्रधान आरक्षक के संरक्षण में कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र का एस कुमार नामक व्यक्ति संचालन करता था, जुआ फड़ बड़े स्तर पर संचालित होता था और बैकुंठपुर का व्यक्ति पोड़ी बचरा क्षेत्र में जाकर इसे संचालित करता था। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है की एक अन्य क्षेत्र का व्यक्ति अन्य क्षेत्र में बड़े स्तर पर जुआ फड़ का संचालन करता था और उसका वहां कोई विरोध नहीं था। सूत्रों के अनुसार एस कुमार नाम के व्यक्ति का इसलिए विरोध नहीं था क्योंकि वह एक प्रधान आरक्षक का मोहरा मात्र था शेष जुआ फड़ का संचालन प्रधान आरक्षक के ही संरक्षण में होता था । पूरे मामले में समझा जा सकता है की कैसे अवैध कारोबार रोकने का जिम्मा सम्हालने वाले ही उसे अपने संरक्षण में संचालित कर रहे हैं यदि सूत्रों की बात सही है। वैसे सूत्रों की पूरे मामले में यदि दी गई जानकारी सही है तो यह कानून व्यवस्था लिए गंभीर विषय है क्योंकि यदि रक्षक ही इस तरह के कार्य में संरक्षण प्रदान करेंगे का कानून व्यवस्था की क्या स्थिति होगी समझा जा सकता है।

### क्या जहां जहां सुपर कॉप प्रधान आरक्षक रहेंगे पदस्थ वहां वहां मिलेगा अवैध कारोबारियों को संरक्षण?

पोड़ी बचरा पुलिस चौकी अंतर्गत पकड़े गए जुआ फड़ का संचालन जिस एस कुमार नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था जो मौके से फरार हो गया छापे के दौरान के मामले में बताया जाता है की उसका और एक प्रधान आरक्षक का जो सुपर कॉप नाम से अपनी पहचान बताते हैं और पोड़ी बचरा में ही फिलहाल पदस्थ हैं के बीच आपसी घनिष्ठ संबध हैं। सुपर कॉप प्रधान आरक्षक को लेकर यह भी बताया जाता है की वह जहां जहां जाते हैं पदस्थ होते हैं वहां वहां अवैध कारोबार भी बढ़ जाते हैं,अब पूरे मामले में सवाल यह उठता है की क्या जहां जहां सुपर कॉप प्रधान आरक्षक जायेंगे पदस्थ होंगे वहां वहां अवैध कारोबारियों को संरक्षण मिलता रहेगा। पोड़ी बचरा पुलिस चौकी क्षेत्र में जबसे सुपर कॉप प्रधान आरक्षक की पदस्थापना हुई थी तभी से वहां जुआ फड़ बड़े स्तर पर संचालित हो रहा था इसके पूर्व वहां जुआ फड़ संचालित नहीं होता था ऐसा बताया जा रहा है। कुल मिलाकर सूत्रों का साफ साफ कहना है की जुआ फड़ को एक प्रधान आरक्षक का ही संरक्षण प्राप्त था और एस कुमार नामक व्यक्ति का उक्त प्रधान आरक्षक से पुराना संबंध भी है जिसके बाद यह बात कही जा सकती है की जुआ फड़ को संरक्षण प्राप्त था और एस कुमार केवल मोहरा था मुख्य सरगना की और ही था।

### सुपर कॉप प्रधान आरक्षक पर पहले भी जुआ खिलाने व ब्याज पर पैसे देने का लग चुका है आरोप

पोड़ी बचरा क्षेत्र में जुआ फड़ संचालन में एक प्रधान आरक्षक का संरक्षण संचालक को प्राप्त था ऐसा सूत्रों का कहना है। यह प्रधान आरक्षक जिले का ऐसा प्रधान आरक्षक है जो खुद को सुपर कॉप की संज्ञा खुद ही देते चले आए हैं। इस प्रधान आरक्षक पर पहले भी जुआ खिलाने और जुआ फड़ों में ब्याज पर पैसे चलाने का आरोप लग चुका है। यह प्रधान आरक्षक जुआडियों को जुआ फड़ में ब्याज पर पैसे देने का काम करता आया है और ऐसे आरोप उस पर जब लगे तब वह बच भी निकला जबकि एक मामले में उसकी ऑडियो भी वायरल हुई थी । कुल मिलाकर कहा जाए तो यह सुपर कॉप प्रधान आरक्षक कानून व्यवस्था कायम करने के नाम पर अपनी व्यवस्था बनाने में ही लगा हुआ है। अवैध कारोबारियों से इसके संबध किस कदर मधुर हैं वहीं आम लोगों के लिए यह किस कदर अमानवीय है यह किसी से छिपा नहीं है। कई आरोप इस प्रधान आरक्षक पर लगे लेकिन हर बार यह इसलिए बच निकला क्योंकि इसके मामले में जांच भी पुलिस के पास ही रही,अन्य जांच एजेंसी यदि जांच करे यह आज भी दोषी साबित हो सकता है यह भी सूत्रों का दावा है वहीं यह कई मामलों के दोषी साबित होगा यह भी सूत्रों का कहना है।

### जुआ फड़ संचालन मामले में एस कुमार है पुराना नाम...अलग अलग लोगों के लिए जुआ फड़ संचालन करना उसके आय का है जरिया

सूत्र यह भी बताते है की एस कुमार जो पोड़ी बचरा क्षेत्र में पकड़े गए जुआ फड़ का संचालनाकर्ता बताया जा रहा है जो फरार हो गया था जब पुलिस का छापा पड़ा के बारे में बताया जा रहा है की वह बैकुंठपुर क्षेत्र का निवासी है और अलग अलग लोगों के लिए जुआ फड़ का संचालन करना उसका मुख्य पेशा है ।सूत्रों का यह भी कहना है की एस कुमार पहले खुद जुआ खेलने का शौक रखता था और वह ऑनलाइन सहित जुआ फड़ में जाकर जुआ खेलने का आदि था। धीरे धीरे उसकी यह आदत उसकी लत बन गई और वह लालच में काफी पैसा हार गया और फिर वह जुआ फड़ के संचालकों के लिए काम करने लगा और वहीं से मिलने वाली राशि से वह जुआ भी खेलने लगा। पहले वह बैकुंठपुर क्षेत्र में ही जुआ फड़ का संचालन करता था और एक प्रधान आरक्षक से उसकी सांठगांठ भी इस दौरान बन गई और उसी का फायदा उसने इस बार उठाया और जब प्रधान आरक्षक को पोड़ी बचरा क्षेत्र मिला कार्य करने के लिए एस एम कुमार ने इस अवसर का लाभ उठाया और प्रधान आरक्षक के साथ मिलकर जुआ फड़ का संचालन शुरू किया। एस कुमार जुआ फड़ संचालन मामले में काफी पुराना और अनुभवी नाम है ऐसा सूत्रों का कहना है। वैसे प्रधान आरक्षक और उसकी नजदीकियां और उनका आपसी संबध कई बार सामने आया है कई बार ऐसे आरोप लगे हैं लेकिन मामले में कोई कार्यवाही प्रधान आरक्षक पर नहीं हुई जैसा देखा जाता रहा है। एस कुमार जुआ का शौक रखते हुए आदि बना और आदत ने उसे मजबूर किया जिसके बाद वह अब सांठगांठ कर जुआ फड़ का संचालन कर रहा है जगह बदल बदलकर।

### अवैध कारोबारियों को संरक्षण देकर अर्जित कर चुका है कई महंगी संपत्ति,सुपर कॉप आय से अधिक के रखता है शौक

सुपर कॉप प्रधान आरक्षक का रहन सहन साथ ही उसके शौक बताते हैं की वह अवैध कारोबारियों से किस तरह जुड़ा हुआ है किस तरह वह उनसे संरक्षण के नाम पर उगाही कर रहा है। प्रधान आरक्षक के महंगे शौक और उसके द्वारा अर्जित संपत्ति जो उसकी आय से कहीं अधिक हैं चीख चीखकर कहती हैं की वह अवैध कारोबारियों से किस तरह किस हद तक जुड़ा हुआ है। कुल मिलाकर प्रधान आरक्षक आज जितनी संपत्ति अर्जित कर चुका है वह वेतन मात्र से अर्जित संपत्ति नहीं हो सकती वह अवैध साथ ही कानून व्यवस्था को संरक्षण बनाकर अवैध कारोबारियों के लिए कमाई गई हैं यह कहना गलत नहीं होगा।

### कार्यवाही के बाद जारी तस्वीर में जुआडी नजर आए मास्क में,पहचान छिपाने जुआड़ियों को पहनाया गया मास्क ?

जुआ फड़ में कार्यवाही के बाद पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की वहीं प्रेस विज्ञप्ति के दौरान जुआडियों की तस्वीर भी खींची गई। तस्वीर जो जारी हुई उसमे जुआडियों को मास्क में देखा गया, जिसने एक बारगी तो कोरोना काल की याद दिला दी, यह कोरोना में भी मास्क नहीं लगाए होंगे,पर पकड़े जाने के बाद मास्क लगा कर मुंह छुपाते दिखे, वहीं बाद में यह भी समझ में आया की कहीं न कहीं पहचान छिपाने जुआड़ियों की ऐसा किया गया उन्हे मास्क पहनाया गया। जुआड़ियो के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा गया? जुआडियों को पकड़ने के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से पहले ही मास्क दिया गया जिससे वह तस्वीर खींचने से पहले ही चेहरा अपना ढंक लें, वैसे पहले ऐसा होते नहीं देखा गया पहले तस्वीर बिना मास्क के ही जारी हुआ करती थी।

## ब्राह्मण समाज ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

- संवाददाता -
कोरिया,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।





प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज कोरिया के द्वारा शगुन गार्डन खांड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होकर सामाजिक जनों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। भगवान परशुराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,जिसके बाद मंचीय परिचय हुआ। अगली कड़ी में वक्ताओं ने समाज के संगठित रहने की बात कहकर कहा कि ऐसे आयोजनों से मतभेद दूर होकर भाईचारा कायम होता है। मुख्य अथिति एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ही दिशा दिखाने का कार्य करता है,अपने विवेक व बुद्धिमत्ता से एक आदर्श स्थापित किया है। श्री झा ने लोगो से अपील किया कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य करें। अन्य वक्ताओं ने समाज के युवाओं में व्याप्त व्यसनों को दूर करने का आह्वान किया साथ ही समाज को शिक्षा एवं रोजगार पर चर्चा की गई। मंचीय उद्बोधन पश्चात एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई,शुभकामनाएं दी गई। युवा वर्ग ने होली का भरपूर आनंद लिया और एक दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाया। इस दौरान राजेश पांडेय एवं सुमन पांडेय ने गीतों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सब एरिया मैनेजर आर पी मिश्रा,खान प्रबंधक बीके पांडेय,पंडित सूर्य नारायण त्रिपाठी,राकेश पांडेय,पूर्व जिलाध्यक्ष जय नाथ बाजपेई,शैलेष तिवारी, डाक्टर राकेश शर्मा,के डी त्रिपाठी, महेंद्र पांडेय, डाक्टर विनय शुक्ला,बृजेश पांडेय,रविशंकर शर्मा,बाल्मिकी दुबे,पंडित सुरेश मिश्रा,देवदत्त त्रिपाठी,पंडित सुयश देव शास्त्री,जिलाध्यक्ष बृज नारायण मिश्रा,योगेंद्र मिश्रा, ध्रुव नाथ तिवारी, धनेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र शर्मा, एनपी गौतम,नरेश तिवारी,चंद्रशेखर अवस्थी,आर पी गौतम,सतेंद्र तिवारी,शंभू शुक्ला, रुद्र मिश्रा,राहुल मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, विवेकानंद चौबे, विभूति तिवारी, मनोज शुक्ला, अभय दुबे, अमित दुबे, पूरन चौबे, अनिल पांडेय, अतुल शुक्ला,नितिन शर्मा,करुणा त्रिपाठी,कान्हा गौतम,सिद्धिविनायक पांडेय, राजेश पांडेय,राकेश मिश्रा,निर्मल पांडेय,रामलखन गौतम,भोलू तिवारी, योगेश मिश्रा, हिमांशु अवस्थी, रामप्रकाश तिवारी,अनुराग तिवारी, निलेश पांडेय, सिब्बू मिश्रा, पिंटू तिवारी, प्रमोद अवस्थी, प्रमोद तिवारी, रूपेश तिवारी,शिवसागर तिवारी,वंदना शर्मा, ममता तिवारी,सविता मिश्रा,नेहा चौबे, सुनील दुबे, कृष्णबिहारी दुबे,संतोष त्रिपाठी,सुनील मिश्रा,कौशलेंद्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में विप्र बंधु परिवार समेत शामिल हुए।

## पुलिस ने ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर लगाम कसते हुए 41 प्रकरण किया दर्ज

- संवाददाता -
कोरबा,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर जिले के सभी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 2 दिन में 41 प्रकरणों में लगभग कुल 47000 रुपए वसूले के साथ-साथ उनका लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस साल आज दिनांक तक कुल 99 लोगों पर ओवर स्पीड वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई है जिसमें 123000 रुपए का समन शुल्क जमा कराया गया है। जिले में लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है।




लगभग 47000 रुपए समन शुल्क कराया गया जमा

# बैकुंठपुर कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव में पूर्व विधायक का नेतृत्व फिर साबित हो सकता है प्रत्याशी के लिए बड़ी हार का कारण ?

## बैकुंठपुर की पूर्व विधायक के नेतृत्व में एकजुट नहीं होना चाहते कांग्रेसी... उनका व्यक्तिगत विरोध पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी के लिए होगा घातक...

» **नेता प्रतिपक्ष ने भले ही जिले के कांग्रेसियों को एकजुट करने का किया प्रयास,प्रयास पूर्व विधायक को आगे करते ही हुआ असफल:सूत्र**

» **भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी ने भी ब्राह्मण समाज पर जताया अन्य समाज से ज्यादा भरोसा,होली मिलन समारोह में पार्टी प्रत्याशी के भाई की उपस्थिति बनी चर्चा की वजह**

» **क्या भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी को भी केवल ब्राह्मण समाज पर ही है भरोसा, अन्य समाज से उन्हे नहीं ज्यादा भरोसा ?**

» **ब्रह्मण समाज के होली मिलन समारोह में पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी के भाई,होली मिलन कार्यक्रम के आयोजक बने प्रत्याशी के भाई यह भी है चर्चा**

- रवि सिंह -
कोरिया/कोरबा,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार की कमान उनके पति नेता प्रतिपक्ष ने सम्हाल रखी है, वह कोरिया जिले में भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में लगे हुए हैं होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्होंने प्रचार कार्यक्रम का आगाज भी कर दिया है लेकिन उनके प्रयासों को कोरिया जिले में सफलता मिलेगी कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कांग्रेसी एकजुट होकर काम करेंगे फिलहाल ऐसा लगता नहीं। कोरिया जिले में कम से कम कांग्रेस प्रत्याशी के लिए राह आसान नहीं नजर आ रही है क्योंकि जिले में पूर्व विधायक को नेतृत्व प्रदान करते ही अन्य नेताओं को प्रचार अभियान से हटना तय है यह सूत्रों का कहना है और खासकर पूर्व विधायक को यदि चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली पार्टी के लोग बड़े नेता छोटे कार्यकर्ता बगावत भी अंदरखाने कर सकते हैं इसकी संभावना बढ़ गई है। कुल मिलाकर पूर्व विधायक को दूर करके ही लोकसभा प्रत्याशी साथ ही उनके पति नेता प्रतिपक्ष इस चुनाव में कोरिया जिले से खुद को बढ़त दिला पाएंगे वरना जिले से कांग्रेस प्रत्याशी का पिछड़ना तय है इस बात की चर्चा कांग्रेस पार्टी को लेकर जारी है वहीं जिले में भाजपा प्रत्याशी ने भी सक्रियता अपनी बढ़ाई है और उनका प्रचार अभियान भी तेज हुआ है जिसकी कमान उनके भाई ने सम्हाल ली है जो देखने को मिल रहा है।

### भाजपा कोरबा लोकसभा प्रत्याशी के भाई कोरिया जिले सक्रिय नजर आए और ब्राह्मण समाज पर सिर्फ भरोसा ?

भाजपा से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी के भाई कोरिया जिले में पिछले दिनों सक्रिय नजर आए उन्हे जिले के ब्राह्मण समाज के होली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित देखा गया और सूत्रों की माने तो यह भी खबर है की ब्राह्मण समाज का होली मिलन कार्यक्रम कहीं न कहीं भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी के भाई द्वारा ही प्रायोजित था जिसका मुख्य उद्देश्य भाजपा प्रत्याशी जो ब्राह्मण समाज से ही हैं के लिए ब्राह्मण समाज का समर्थन मिल सके इसलिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था और जिसमे विलंब से ही सही भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी के भाई शामिल नजर आए जिनका इंतजार भी करते समाज के लोग नजर आए। ब्राह्मण समाज के होली मिलन कार्यक्रम में एक बात और ऐसी नजर आई जिसके बाद कार्यक्रम भाजपा प्रत्याशी के भाई द्वारा चुनावी रूप से प्रायोजित किया गया ऐसा माना जा रहा है वह यह की कार्यक्रम में ही उपस्थित लोगों की माने तो कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ साथ ही कांग्रेस पार्टी के भी वरिष्ठ नेता नजर नहीं आए और उन्होंने समाज के नाम पर होने वाले होली मिलन कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। सूत्रों का यह कहना है की भाजपा की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी के भाई की उपस्थिति के बाद ही यह भी तय हो गया की भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण समाज को लेकर कितनी सजग हैं और किस तरह वह ब्राह्मण समाज को यह विश्वास जताना चाहती हैं की उनकी जीत समाज की जीत होगी और जिसका ही एक प्रयास था उनके भाई का ब्राह्मण समाज कोरिया के होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचना। अपने समाज को एकजुट करना और उसे पूर्ण विश्वास में लेना इस बात का भी संकेत है की समाज भी समाज के प्रत्याशी को लेकर एकजुट हो और उसे जीत दिलाने वह पूरा प्रयास जल्द से जल्द जारी करे।




### कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पूर्व विधायक का नेतृत्व होगा नुकसानदायक

कोरिया जिले में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के लिए कई उनकी जीत के लिए कई आयोजन कार्यकर्ताओं की एकजुटता के लिए नेता प्रतिपक्ष सहित प्रत्याशी के पति के द्वारा किए गए। होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कई जगह हुआ जहां पार्टी प्रत्याशी साथ ही अपनी धर्मपत्नी के लिए नेता प्रतिपक्ष ने प्रचार किया। नेता प्रतिपक्ष के कार्यक्रमों में कांग्रेस नेताओं सहित कार्यकर्ताओं को काफी उत्साहित देखा गया साथ ही उन्हे पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए एकजुटता के साथ काम करने का संकल्प लेते भी देखा गया लेकिन सूत्रों की माने तो यदि पूर्व बैकुंठपुर विधायक को नेता प्रतिपक्ष ने आगे किया या उन्हे नेतृत्व कमान प्रचार का प्रदान किया तो फिर पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी हांथ खींच लेंगे और फिर वह भी जीत के लिए काम नहीं करेंगे यह उनके बीच जारी चर्चा है। वैसे पूर्व विधायक की बीते विधानसभा चुनाव में हार जो काफी बड़ी हार थी की वजह भी उनका व्यक्तिगत व्यवहार कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के प्रति उनका तिरस्कार वाला व्यवहार कारण बना था जिसके बाद उन्हें बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा था। अब ऐसे में उन्हे पुन: आगे करना उन्हे जिम्मेदारी देना मतलब अपनी हार खुद सुनिश्चित करना माना जायेगा ऐसा कांग्रेस प्रत्याशी के मामले में पार्टी में चर्चा है।

### कांग्रेस सहित भाजपा का लोकसभा चुनाव के दौरान कोरिया जिले में प्रचार और अपनी अपनी जीत का प्रयास

कांग्रेस सहित भाजपा का लोकसभा चुनाव के दौरान कोरिया जिले में प्रचार और अपनी अपनी जीत का प्रयास जिस तरीके से जारी है उसमे एकतरफ कांग्रेस प्रत्याशी के लिए बैकुंठपुर विधानसभा की पूर्व विधायक रोड़ा बन रहीं हैं उनकी कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं से दूरी उनके प्रति व्यवहार के कारण उनके नेतृत्व में कांग्रेस नेता पार्टी प्रत्याशी के लिए एकजुट होंगे ऐसा बिलकुल नजर नहीं आ रहा है वहीं एक तरफ भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रत्याशी का समाज एकजुट नजर आ रहा है और उनके जीत के लिए अपनी एकजुटता साबित कर रहा है। वैसे भाजपा प्रत्याशी या उनके परिवार के किसी सदस्य के किसी कार्यक्रम में उपस्थिति को महत्वपूर्ण इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि ऐसा उनके द्वारा केवल ब्राह्मण समाज के ही कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान की गई या सूत्रों की माने तो आयोजन का जिम्मा भी उठाया गया अन्य समाज के मामले में कोई कार्यक्रम न उनके द्वारा जिले में आयोजित किया गया न ही उनकी उपस्थिति नजर आई। खैर इस बीच कांग्रेस नेताओं की अनुपस्थिति साथ ही कुछ भाजपा नेताओं की अनुपस्थिति ने इस बात पर मुहर लगाने का काम किया की कार्यक्रम कहीं न कहीं लोकसभा प्रत्याशी के जीत के लिए सामाजिक आयोजित किया गया और जिसे समाज का बेहतर समर्थन प्राप्त हुआ।

### भाजपा प्रत्याशी के लिए उनके भाई कर रहे प्रयास,ब्राह्मण समाज को विश्वास में लेना उनकी पहली प्राथमिकता नजर आई

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के लिए कोरिया जिले में प्रत्याशी के भाई को सक्रिय देखा जा रहा है और उनके द्वारा प्राथमिकता के क्रम में ब्राह्मण समाज को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है जिससे उन्हे एकजुट कर समाज की प्रत्याशी के लिए जिले में बेहतर माहौल बनाया जा सके। भाजपा प्रत्याशी के लिए उनके भाई ने होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित कराया समाज के लोगों के बीच वह पहुंचे भी और समर्थन की मांग उनके द्वारा की गई यह देखने को मिला। ब्राह्मण समाज ने वैसे विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के लिए खुले दिल से समर्थन प्रदान किया और भाजपा प्रत्याशी की जीत भी बड़ी जीत के रूप के नजर आई लेकिन वैसी ही बढ़त केवल ब्राह्मण समाज को साधने एम मात्र से कोरिया जिले से मिल सकेगी यह अभी से कहना जल्दबाजी होगी।

### अन्य समाज को भी भाजपा प्रत्याशी को उनके भाई को लेना होगा विश्वास में

भाजपा प्रत्याशी एवम उनके भाई को कोरिया जिले के अन्य समाज के लोगों को भी विश्वास में लेना होगा केवल ब्राह्मण समाज के भरोसे उन्हे जीत मिल सकेगी यह कहना जल्दबाजी होगी,कहीं न कहीं यह असत्य एक कथन भी होगा। जिले में कई समाज कई जातियों की संख्या अधिक है और वह निर्णायक हैं चुनाव परिणाम प्रभावित करने में वह सक्षम हैं। भाजपा प्रत्याशी और उनके भाई को ऐसे समाज के लोगों बीच भी जाना होगा और उन्हे भी अपने पक्ष में लेने का प्रयास करना पड़ेगा। जिले में अलग अलग समाज का अपना संगठन है और उसी के निर्देश पर समाज के लोग चुनाव में समर्थन प्रदान करते हैं ऐसे में सभी समाज के प्रमुख से मुलाकात और उनके बीच जाकर प्रचार करके ही सफलता की उम्मीद की जा सकती है। भाजपा की वैसे प्रदेश में सरकार है वहीं जिले में भी विधायक भाजपा के ही हैं इस हिसाब से भाजपा प्रत्याशी को विधायक की लोकप्रियता का फायदा ज़रूर मिलेगा लेकिन यदि उनके द्वारा एक समाज के लिए या उनके बीच उनका कोई प्रयास नजर आएगा लोगों के बीच अन्य समाज के बीच उसका गलत असर जाना तय है।

### बाहरी भीतरी का मुद्दा इस बार नहीं होगा प्रभावी, दोनों प्रमुख दल के प्रत्याशी क्षेत्र से बाहर के

कोरबा लोकसभा सीट से इस बार प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र से बाहर के हैं और इस बार इस लोकसभा क्षेत्र में बाहरी भीतरी का मुद्दा गायब रहेगा जो देखने को मिलेगा। कौन कितना समय क्षेत्र को देगा किसकी क्या प्राथमिकता होगी इस बार क्षेत्र के लोगों के लिए दोनों प्रत्याशियों से लोगों की यही अपेक्षा रहने वाली है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र वहीं कोरिया जिले के लोगों के लिए वैसे भी आजतक के निर्वाचित सांसद कुछ खास उपलब्धि नहीं जुटा सकें हैं जो देखा गया है जिसको लेकर नाराजगी भी लोगों की समाने आती रही है वहीं सांसद चुने जाने के बाद उनकी क्षेत्र में उपस्थिति भी चर्चा का विषय रही है जो नहीं के बराबर रही है दिखी है।



## सर्वांगीण विकास हेतु सरोज पांडेय को विजयी बनाकर पुनःनरेंद्र मोदी की सरकार बनाये : अरुण साव

- संवाददाता -
कोरबा,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी का मरवाही विधानसभा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मरवाही में सम्पन्न हुआ। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार लगातार गांव,गरीब,किसान,मजदूर,महिला,युवा सहित सभी वर्गों के विकास के लिये काम कर रही है,विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगो को विकास की मुख्यधारा में जोड़ा गया है, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने 100 दिनों में अपने लगभग सभी बड़े वादे पूरे कर दिये हैं,कोरबा के लोगो अच्छा अवसर मिला है की भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय लोकसभा प्रत्याशी है जो क्षेत्र के विकास के लिये सतत कार्य करेगी, उन्हें भारी मतों से विजयी बनाये।भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने कहा की यह चुनाव मेरा नही आप सभी कार्यकर्ताओं का है, मै मरवाही क्षेत्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने ,100 बिस्तरों का अस्पताल खोलने जैसा महत्वपूर्ण कार्य पूरा करवाउंगी। इसके पूर्व जो कांग्रेस की सांसद थी कभी क्षेत्र का दौरा नही करती थी,ना किसी के सुख में आई ना ही कभी किसी के दुख मे।नरेंद्र मोदी की गारन्टी,गारन्टी की गारन्टी है।पूर्व नेता प्रतिपक्ष,लोकसभा प्रभारी धरमलाल कौशिक ने कहा की कार्यकर्ता घर घर जाये और केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार की जनहितकारी योजनाओं को बताकर कमल खिलाये।उन्होंने कहा की अबकी बार 400 पार के नारे में एक कमल फूल कोरबा लोकसभा को भारी मतों से जिताकर देना है। कार्यकर्ता सम्मेलन को जिले के प्रभारी मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल,पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े,,सरगुजा के पूर्व सांसद कमलभान सिंग,विधायक प्रणव मरपच्ची,कोरबा लोकसभा के सहसंयोजक मनोज शर्मा ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष कन्हैयासिंग राठौर ने स्वागत भाषण दिया।संचालन मंडल अध्यक्ष किशनसिंग ठाकुर ने आभार प्रदर्शन महामंत्री राकेश चतुर्वेदी ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता,पूर्व मंडी अध्यक्ष नेता ज्ञानेंद्र उपाध्याय, जनपद उपाध्यक्ष जीवनसिंग राठौर,अजय शुक्ला सहित सैकड़ों कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामदयाल उइके,लालजी यादव,डॉ. शिवप्रताप रॉय, नीरज जैन, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, बालकृष्ण अग्रवाल,द्वारिका सोनी,राकेश दीक्षित, दयाचंद पोर्ते, तापस शर्मा,शंकर चक्रधारी, छोटेलाल सोनी, लुशन राठौर, समीरा पैकरा, गोपाल अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, संदीप जायसवाल, श्रीकांत चतुर्वेदी, श्याम मिलन राठौर,सरिता राठौर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण ले रही महिला मतदान दल का कलेक्टर ने बढ़ाया मनोबल

- संवाददाता -
कोरबा,02 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को कोरबा जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कोरबा एवं कटघोरा विधानसभा में आयोजित प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और मतदान दलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य को बहुत सरल और बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मास्टर ट्रेनर जितने अच्छे से प्रशिक्षण देंगे और मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा। उन्होंने कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिलाओं को चुनाव कार्य से न घबराने की बात कहते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने प्रेरित किया। उन्होंने विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। कलेक्टर ने महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी महिलाएं सम्हाल रहीं हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपकी भागीदारी होगी। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया में इस बार कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 249 मतदान केंद्रों में पहली बार पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य मतदान कर्मचारियों के रूप में महिलाएं होंगी। महिलाओं द्वारा निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, इस दिशा में पहल करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा उन्हें बारिकी से निर्वाचन कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिया गया हैं।



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403020700110**

**विषय:- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**मायापुर प.ह.न. 00014 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-सुखमनिया**
**अनावेदक पक्षकार- मनोहर,**

**ईश्तहार**

आवेदक सुखमनिया पत्नी स्व0 मनोहर व अन्य, निवासी घुटरापारा, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा ग्राम मायापुर स्थित खसरा नंबर 1/5, 368/4 रकबा क्रमशः 0.308, 0.147 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 मनोहर का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/04/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403020700206**

**विषय:- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**लक्ष्मीपुर प.ह.न. 00023 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-रामजतन,जागो बाई सबीन**
**अनावेदक पक्षकार- जागो बाई, रामजतन, सबीन**

**ईश्तहार**

आवेदक रामजतन आ0स्व0 सगदीर व अन्य, निवासी लक्ष्मीपुर, तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 535/3, 569,583/6,773/3, 56/1 कुल प्लाट 5 कुल रकबा 0.067 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/3 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/04/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर,सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.../अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांक्षी सोनी पत्नी रवि सोनी जाति सोनार निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 223/10 रकबा 0.006 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 15/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीनप पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर,सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.../अ-2/2023-24**

एवतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रम्भा सिंह पत्नी ओमकार सिंह जाति क्षत्रिय निवासी खैरबार रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 66/38 रकबा 0.011 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेंट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 16/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीनप पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र- 202402021200/अ-6 /2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी पति संजीव कुमार निवासी-ब्रम्हरोड, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अनावेदकगण/विक्रेता-दीप कुमार गुप्ता एवं अन्य 07, निवासी दरिमा, जिला-सरगुजा के संयुक्त स्वामित्व एवं हक की शीट नं0-08, मोहल्ला-ब्रम्हवार्ड (ब्रम्हरोड़), नगर-अम्बिकाुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 3071/2, 3072/2 रकबा क्रमशः 0.031/4, 0.021/2 एकड़ भूमि है। उक्त भू-खण्ड क्रमांक 3071/2 रकबा 0.031/4 में से 519.8 वर्गफीट एवं 3072/2 रकबा 0.021/2 में से 787 वर्गफीट भूमि को अनावेदकगण द्वारा आवेदिका को विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 18/03/2024 के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। अतः विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 18/03/2024 के आधार पर विक्रय की गई भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने बावत आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोइ दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/04/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र- 202402021200/अ-6 /2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरजीत सिंह अरोरा, आ0 स्व0 त्रिलोक सिंह अरोरा, निवासी-गुरूद्वारा वार्ड 36, मायापुर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अनावेदक- सरदार कृपाल सिंह आ0 स्व0 सरदार त्रिलोक सिंह,निवासी-मायापुर,अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व एवं हक की शीट नं0-03 ,मोहल्ला-कौवाडांड, नगर-अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1538/2 रकबा 0.03 एकड़ भूमि है। उक्त भू-खण्ड क्रमांक 1538/2 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को अनावेदक द्वारा अवेदक के पक्ष में पंजीकृत दान पत्र दिनांक 22/02/2024 के माध्यम से आवेदक को दान कर दिया गया है। अतः पंजीकृत दान पत्र दिनांक 22/02/2024 के आधार पर दान की गई भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने बावत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोइ दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/04/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/03/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स भिड़ेंगे आज

## आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिये तैयार है दिल्ली कैपिटल्स




**नई दिल्ली,02अप्रैल 2024।** दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। दूसरी ओर मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं। दिल्ली के भारतीय गेंदबाजों को केकेआर के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने बेहतर खेल दिखाना होगा। सीएसके के खिलाफ खलील अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन क्षेत्ररक्षण में उन्हें सुधार करना होगा। ऊंचे कैच टपकाने की उनकी आदत छूट नहीं रही और चेन्नई के खिलाफ उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का कैच छोड़ा। मुकेश कुमार के पास रफ्तार नहीं है लेकिन ईशांत शर्मा का अनुभव टीम के काम आ रहा है। दूसरी ओर केकेआर ने अब तक दोनों मैच जीते हैं। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट, हरफनमौला आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर अच्छे फॉर्म में दिखे। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ रन बनाये। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने प्रभावित किया है लेकिन महंगे खरीदे गए मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती नहीं चल सके।

**टीमें**

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिनेश चांडीमल ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट छोड़ा

**चटगांव, (बांग्लादेश), 02अप्रैल 2024।** श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश चांडीमल बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के चौथे दिन पारिवारिक चिकित्सा जरूरत के कारण चटगांव से वापस कोलंबो लौट गए। चांडीमल की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप श्रीलंका को शेष मैच के लिए एक स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक को मैदान पर लाना पड़ा। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इस कठिन समय में चांडीमल को अपना पूरा समर्थन देने पर जोर दिया और जनता से उनकी और उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया।



दिनेश चंडीमल पारिवारिक चिकित्सा जरूरत के कारण तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलने वाली टीम से हट गए हैं। इसके मुताबिक खिलाड़ी तुरंत घर लौट आएगा। एसएलसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा गया है, श्रीलंका क्रिकेट, उनके टीम के साथी और कोचिंग स्टाफ जरूरत के इस क्षण में दिनेश चांडीमल का पूरा समर्थन करते हैं और अनुरोध करते हैं कि जनता उनकी और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करे।

### नंबर 4 पर चमके रियान ने कहा, घरेलू क्रिकेट में मेरा यही रोल है

**मुंबई,02अप्रैल 2024।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 गेंदों में नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई, ने कहा कि वह बस अपने घरेलू प्रदर्शन की नकल कर रहे हैं। आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। पिछले दो मैचों में उन्होंने लगातार अर्धशतक जड़े, जिनमें 45 गेंद में 84 रन और 39 गेंदों पर नाबाद 54 रन शामिल हैं। इससे पहले रियान ने सीजन के पहले मैच में 29 गेंदों पर 43 रन बनाए थे।सोमवार को मुंबई के खिलाफ रियान की जुझारू पारी के बदौलत राजस्थान ने 27 गेंद शेष रहते हुए मुंबई को 6 विकेट से हरा दिया।



युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट ने अपने चार ओवरों में क्रमश 3/11 और 3/22 गेंद लेकर मुंबई इंडियंस को 125/9 के छोटे टोटल पर रोक दिया। जवाब में, आरआर ने यशस्वी जायसवाल का विकेट सस्ते में गंवा दिया। फिर संजू सैमसन और जोस बटलर भी सस्ते में पवेलियन लौट गए।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय हॉकी टीम

**नई दिल्ली,02अप्रैल 2024।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार रात को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना हो गई है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 6 अप्रैल से शुरू होगी, जिसके बाद 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होंगे, जिसमें प्रशंसकों को हॉकी प्रतिभा का रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा भारतीय टीम के लिए अपनी तैयारियों का आकलन करने, अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और मैदान पर हर पल को यादगार बनाने के लिए तैयार है।

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के दौरान आखिरी बार अपनी ताकत दिखाने के बाद, हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने असाधारण कौशल और शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही भुवनेश्वर में चार में से तीन मैचों में जीत हासिल की और राउरकेला में अजेय क्रम बनाए रखा।



इससे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उनकी ताकत का प्रदर्शन हुआ, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनके प्रदर्शन से काफी उम्मीदें जगी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, जैसा कि हम ऑस्ट्रेलिया के इस महत्वपूर्ण दौरे पर जा रहे हैं, हम दृढ़ संकल्प और उत्साह से भरे हुए हैं। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के लिए हमारी ताकत और क्षेत्रों का आकलन करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रस्तुत करती है। हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने और हर पल को महत्वपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस बीच, उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, यह दौरा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में मजबूत टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारा ध्यान मजबूत प्रदर्शन करने और अपने देश को गौरवान्वित करने पर है। भारत 6 अप्रैल को सीरीज के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# वोज्नियाकी,अनिसिमोवा जीतीं

**चार्ल्सटन (अमेरिका), 02 अप्रैल 2024।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा दूसरे दौर में वोज्नियाकी से जुड़ गईं। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया। अनिसिमोवा अब दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी और नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।बाद में शाम को, 22 वर्षीय अमेरिकी क्वालीफायर केटी वॉलिनेट्स ने नीदरलैंड की 54वीं रैंकिंग वाली अरांटेक्सा रस को 6-2, 6-7(6-8), 7-6(8-6) से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। यह 3 घंटे और 43 मिनट की अवधि के साथ सीजन का नया सबसे लंबा डब्ल्यूटीए टूर मैच था। यह मैच इस साल के पिछले सबसे लंबे मैच की तुलना में एक मिनट अधिक समय तक चला, जब अबू धाबी के दूसरे दौर में मैग्डा लिनेट पर बीट्रिज़ हद्दाद माइया ने 3 घंटे और 42 मिनट में जीत दर्ज की थी। वोलिनेट्स अब दूसरे दौर में हमवतन एम्मा नवारो से भिड़ेंगी, जो 10वीं वरीयता प्राप्त हैं। घरेलू उम्मीद शेल्बी रोजर्स ने साथी अमेरिकी क्लेयर लियू पर 6-1, 6-1 की निर्णायक जीत के साथ रात के सत्र की शुरुआत की। अन्य विजेताओं में सोमवार को एकल में मैग्डा लिनेट और डारिया सैविले शामिल थे, जबकि मैडिसन कीज़ और टेलर टाउनसेंड ने युगल में नंबर 3 वरीयता प्राप्त मियू काटो और एल्डिला सुत्जियादी पर 6-1, 2-6, 10-7 से जीत हासिल की।



# मीराबाई चानू ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की

**फुकेट,02अप्रैल 2024।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रूप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। मीराबाई ने कहा, ''चोट के बाद वापसी करना अविश्वसनीय लगता है। आज मैंने जो भी लिफ्ट की वह लगभग साफ, स्पष्ट और शक्तिशाली लगी और मैं इस प्रतियोगिता से मजबूत होकर और आत्मविश्वास के साथ जा रही हूं।'' उन्होंने कहा, ''रिहैबिलिटेशन कठिन था लेकिन इस प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों के समर्थन से मैं हर तरह की जटिलताओं से उबर गई।'' अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल है। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने कहा, ''लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करना था और अब जब मैं पेरिस ओलंपिक में लगभग जगह बना चुकी हूं तो मेरा सारा ध्यान पेरिस ओलंपिक में अपनी छाप छोड़ने पर है।''




# बेन स्टोक्स ने सेलेक्शन कंटेन्शन से बाहर होने का फैसला किया

**लंदन,02अप्रैल 2024।** इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने पुष्टि की है कि वह 2 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप 2024 के चयन में हिस्सा नहीं लेंगे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टोक्स ने खुलासा किया कि वह फिर से एक वास्तविक ऑलराउंडर बनने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।घुटने की सर्जरी और उसके बाद पुनर्वास के बाद स्टोक्स ने भारत में टेस्ट श्रृंखला के बड़े हिस्से में गेंदबाजी नहीं की। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने केवल अंतिम टेस्ट में गेंदबाजी की और गर्मियों के लिए आशाजनक संकेत दिखाए। टेस्ट कप्तान ने काउंटी चैम्पियनशिप में डरहम के लिए अपनी उपलब्धता की भी घोषणा की।फैसले पर बोलते हुए स्टोक्स ने खुलासा किया कि भारत के टेस्ट दौरे से उन्हें समझ आ गया कि गेंदबाजी के मामले में वह कितने पीछे हैं।



स्टार क्रिकेटर ने जोस बटलर की टीम को खिताब की रक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं।÷मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और क्रिकेट के सभी प्रारूपों में एक ऑलराउंडर के रूप में पूरी भूमिका निभाने के लिए अपनी गेंदबाजी फिटनेस को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। उम्मीद है कि आईपीएल और विश्व कप से बाहर होना एक बलिदान होगा जो मुझे ऐसा करने की अनुमति देगा। मैं निकट भविष्य में हरफनमौला खिलाड़ी बनना चाहता हूं।

# स्थवी अस्थाना नेशनल इवेंटिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत वर्ग में चैंपियन बनीं

**नई दिल्ली,02अप्रैल 2024।** स्थवी अस्थाना नई दिल्ली के आर्मी पोलो और राइडिंग सेंटर में संपन्न हुई नेशनल इवेंटिंग चैंपियनशिप की व्यक्तिगत श्रेणी में चैंपियन बनीं। यह अस्थाना के लिए दो-चरणीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार दूसरा पोडियम फिनिश है, वह चैंपियनशिप के पहले चरण में तीसरे स्थान पर रहे थे। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आशीष मलिक दूसरे स्थान पर रहे और उनकी खुशी दोगुनी हो गई क्योंकि उन्होंने टीम स्पर्धा में भी पोडियम स्थान हासिल किया और तीसरे स्थान पर रहे।



अस्थाना ने जंप्स सेक्शन में चार पेनल्टी अंक अर्जित किए, त्रुटि बाधा संख्या 10ए पर हुई। उन्होंने शो जंपिंग में चार पेनल्टी अंक भी स्वीकार किए, लेकिन कोई भी टाइम पेनल्टी नहीं दी और ड्रेसेज और क्रॉस कंट्री सेक्शन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 36.9 अंक हासिल किए। दूसरी ओर, मलिक ने दो पेनल्टी अंक (समय) हासिल किए लेकिन छलांग में साफ रहे। उन्होंने ड्रेसेज और क्रॉस कंट्री को 38.9 अंकों के साथ पूरा किया।

तीसरा स्थान हासिल करने के बाद पोडियम पर अस्थाना और मलिक के साथ राजू सिंह (42.5) भी शामिल हुए। प्रिंस शर्मा (56.4) चौथे स्थान पर रहे। हालाँकि, प्रिंस को विमल कुमार, प्रदीप कुमार और के महेश के साथ टीम चैंपियनशिप जीतने का सौभाग्य मिला। टीम आरवीसी सी और कॉलेज के रूप में प्रतिस्पर्धा करते हुए, चौकड़ी ने 198.6 अंकों के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। विजेता दूसरे स्थान पर रही अंकित त्यागी, एचएस तोमर, सौरभ कुमार और सचिन चंदेल की टीम से काफी आगे रहे। वे 243.6 अंकों के साथ समाप्त हुए लेकिन दिलचस्प बात यह है कि वे आरवीसी सी और कॉलेज टीम से भी थे। तीसरा स्थान टीम एएससी सेंटर नॉर्थ को मिला जिसमें संदीप, नारायण सिंह, आशीष मलिक और महेंद्र सिंह थे। उन्होंने 244.9 अंक अर्जित किये।

# दिशा पाटनी का स्टायलिश आउटफिट में दिखा किलर लुक

अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने के लिए काफी हैं। दिशा पाटनी ने पिंक कलर का सेक्सी आउटफिट पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में संवारा है। मैचिंग ईयररिंग्स उनपर काफी जच रहे हैं और कैमरे के सामने सेक्सी पोज दे रही हैं। तस्वीरें देखते ही फैंस दीवाने हो गए हैं और एक्ट्रेस की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों मे दिशा पाटनी बेहद हॉट लग रही हैं। फैंस सोशल मीडिया पर कमेंट सेक्शन में उनके इस कातिलाना लुक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने लिखा- दिशा आपका लुक कमाल है।. वहीं दूसरे यूजर ने एक्ट्रेस से पूछा उनकी नई फिल्म कब आने वाली है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर मात्र कुछ घंटों में लाखों लाइक्ट और कमेंट्स की बौछार हो चुकी है।



# करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश जल्द करेंगे की शादी ?

अगर हमारे पास टेली टाउन के सबसे प्यारे जोड़े का पुरस्कार होता, तो हम खुशी-खुशी इसे तेजस्वी और करण को देते। जब से दोनों लवबर्ड्स ने एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार को स्वीकार किया है तब से वे एक दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं। करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश की प्रेम कहानी तेजरन के बीच प्यार तब पनपा जब वे बिग बॉस 15 के घर के अंदर बंद थे। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों सेलिब्रिटीज ने सलमान खान के रियलिटी शो में एक-दूसरे का साथ दिया। तेजस्वी ने बीबी 15 ट्रॉफी जीती, जबकि करण कलर्स चैनल पर प्रसारित शो के दूसरे रनर-अप रहे। वैलेंटाइन डे 2024 पर दोनों ने अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताया। तेजस्वी ने अपने जश्न की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ÷हैप्पी वैलेंटाइन्स करण कुंद्रा उन सभी को जिन्हें प्यार मिला, इसे कभी हल्के में न लें... और जो लोग तलाश रहे हैं, मुझे आशा है कि आप सभी को प्यार, सहयोग, सम्मान, टीम का अनुभव मिलेगा। करण और तेजस्वी की शादी की अफवाहें इंटरनेट पर सामने आई। ऐसी अफवाह थी कि दोनों लवबर्ड्स ने शादी कर ली है। गपशप मिलों ने दावा किया कि उनकी शादी 2024 में होने वाली है, जबकि इंस्टाग्राम पेजों ने प्रसारित किया कि वे पहले ही शादी की प्रतिज्ञा कर चुके हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब टेली टॉक इंडिया नाम के एक पेज ने कैप्शन के साथ एक पोस्ट साझा किया,करण और तेजस्वी अब शादीशुदा हैं।



प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग को अपने संदेशों से भर दिया। एक यूजर ने लिखा, मुझे दिल का दौरा पड़ा, मैं ऐसा महसूस कर रहा था कि उन्होंने कब, कहां और कैसे शादी की? लेकिन यह मजाकिया नहीं है, हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो।÷ एक अन्य ने टिप्पणी की, ÷ये मजाक नहीं, हमारी भावनाओं से खिलवाड़ मत करो, कृपया तेजरन ब्रांड है, ऐसा मत करो।÷ पेशेवर मोर्चे पर, तेजस्वी प्रकाश को आखिरी बार नागिन 6 में देखा गया था। कलर्स चैनल पर एक साल से अधिक के सफल प्रदर्शन के बाद यह शो जुलाई 2023 में समाप्त हुआ। करण कुंद्रा की बात करें तो ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार हाल ही में लव अधूरा में नजर आए थे। वेब सीरीज में उनकी जोड़ी एरिका फर्नांडिस के साथ बनी थी। अधिक अपडेट के लिए इस स्थान को देखते रहें।



# अपने जन्मदिन पर घर में लोगों से कैसा व्यवहार करते हैं अजय देवगन पत्नी काजोल ने किया पति को लेकर धमाकेदार खुलासा

अजय देवगन 2 अप्रैल,2024 को अपना 55 वां जन्मदिन मनाएं। उनके प्रशंसक और फिल्म बिरादरी के दोस्त उनके विशेष दिन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर उनकी पत्नी काजोल ने भी एक मजेदार नोट के साथ अभिनेता की एक अनदेखी तस्वीर साझा की। नोट में काजोल ने उल्लेख किया कि अजय अपने जन्मदिन के केक के बारे में सोचकर कैसे प्रतिक्रिया देंगे। काजोल ने लिखा चूंकि मैं जानती हूं कि आप अपने जन्मदिन को लेकर इतने उत्साहित हैं कि आप केक के बारे में सोचते ही बच्चों की तरह उछल-कूद कर रहे हैं, ताली बजा रहे हैं और गोल-गोल घूम रहे हैं...मैं आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देकर दिन की शुरुआत करती हूं।

पोस्ट में, उन्होंने प्रशंसकों से उपरोक्त गतिविधियों में से किसी भी अजय देवगन का एक वीडियो साझा करने के लिए भी कहा। उन्होंने लिखा प्लीज अगर किसी के पास ऐसा करते हुए कोई वीडियो है तो कृपया इसे तुरंत मुझे भेजें। काजोल द्वारा पोस्ट साझा करने के तुरंत बाद, उनके दोनों प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में बाढ़ लाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, असली पत्नी का कैप्शन।

# छत्तीसगढ़ में आबकारी नीति बदलते ही कारोबारियों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा शुरू

### सोम ग्रूप के बिलासपुर और रायपुर दफ्तर के 2 मैनेजरों पर प्रशासन सख्त, आबकारी विभाग और आईटी एक्ट के तहत पुलिस कर रही कार्रवाई




**रायपुर,02 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में आबकारी नीति बदलते ही शराब कारोबारियों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। सोम ग्रुप के सिरगिट्टी स्थित डिस्टलरी पर कार्रवाई जारी है। बताते हैं कि शराब कारोबारी एमपी का रहने वाला है और 20 हजार करोड़ रुपए का उनका कारोबार है। सिरगिट्टी इंडस्ट्रीयल एरिया में उनका मेसर्स लीजेंड के नाम से बॉटलिंग प्लांट है। भोपाल से सोम ग्रूप का संचालन किया जाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर भोपाल के जगदीश अरोरा हैं।

रायपुर के गंज थाना मे एफआईआर 27 मार्च को दर्ज की गई है लेकिन पुलिस की तरफ से मीडिया को कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी के रायपुर और बिलासपुर ऑफिस के दो मैनेजरों पर भी स्टेट आबकारी और पुलिस कार्रवाई कर रही है। विभागीय सूत्रों की मानें तो मैनेजर शुक्ला की पिटाई भी की गई है जिससे वे चोटिल हैं। आबकारी विभाग कंपनी के खिलाफ बेहिसाब स्टॉक और पुलिस आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

छत्तीसगढ़ में आबकारी अमले ने सोम डिसलरी के बिलासपुर और रायपुर स्थित ऑफिस, गोदाम और डिसलरी में छापेमारी की है। शराब की अफरा तफरी और अन्य गड़बड़ियों को लेकर मिली शिकायत के बाद आबकारी अमले और प्रशासन ने सोम डिसलरी में इस कार्यवाही को अंजाम दिया है।

इस बीच एक अन्य मामले में सोम डिसलरी के मालिक जगदीश अरोरा और उनके भाई समेत अन्य तीन लोगों के खिलाफ साइबर थाने में आईटी एक्ट की धारा 66(d) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। साइबर सेल द्वारा विवेचना के दौरान सोम डिसलरी के रायपुर और बिलासपुर के ब्रांच मैनेजर से पूछताछ के बाद जगदीश अरोरा समेत अन्य तीन लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई है।

#### साय सरकार चाहती है अवैध शराब की बिक्री पर रोक

छत्तीसगढ़ में पूरवर्ती सरकार का शराब घोटाला काफी चर्चित है। बताते हैं कि विष्णुदेव साय सरकार की पैनी नज़र शराब कारोबार पर है। खासकर उन कारोबारियों पर जो विवादित रहे हैं। बीजेपी सरकार नही चाहती कि कांग्रेस की तर्ज पर बदनामी झेलना पड़े। लिहाजा शराब कारोबार को नियंत्रित करने के साथ साथ उसे पारदर्शी बनाया जा रहा है। नई आबकारी नीति के तहत शराब की बिक्री और उत्पादन के तौर तरीकों को पारदर्शी बनाया गया है इससे अवैध शराब की बिक्री पर रोक लग सकेगी।

#### सोम ग्रूप के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं जगदीश अरोरा

सोम ग्रूप के सिरगिट्टी स्थित डिस्टलरी पर कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि शराब कारोबारी एमपी का रहने वाला है और 20 हजार करोड़ रुपए का उनका कारोबार है। सिरगिट्टी इंडस्ट्रीयल एरिया में उनका मेसर्स लीजेंड के नाम से बॉटलिंग प्लांट है। भोपाल से सोम ग्रुप का संचालन किया जाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर भोपाल के जगदीश अरोरा हैं। सूत्रों का दावा है कि मध्यप्रदेश के सोम ग्रूप का वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से भी खासी नज़दीकियां हैं।

#### नई आबकारी नीति से लिकर किंग के बीच स्पर्धा

छत्तीसगढ़ में पूरवर्ती शासनकाल में हुए शराब कारोबार के कई तरह के घोटालों को रोकने प्रदेश की साय सरकार ने नई आबकारी नीति बनाई है। इसके लागु होते ही बाहरी राज्यों के लिकर किंग नए सिरे से छत्तीसगढ़ में सक्रीय हो गए हैं। ऐसा नहीं है कि छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी खामोश बैठे हैं। सोम ग्रुप पर कार्रवाई व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा का नतीजा बताया जा रहा है। खैर इसमें कितनी सच्चाई है यह तो वक्त बताएगा पर आबकारी विभाग की गुपचुप सोम पर कार्रवाई और सायबर पुलिस का एक्शन भी पुरे मामले पर सवाल उठाने लगा है।

## ईओडब्ल्यू और एसीबी को 3 दिन जेल के भीतर ही सवाल-जवाब की अनुमति




**रायपुर,02 अप्रैल 2024(ए)।** घोटालों की जांच कर रही ईओडब्ल्यू और एसीबी एक बार फिर विशेष कोर्ट पहुंची। ईओडब्ल्यू और एसीबी को 3 दिन जेल के भीतर ही सवाल-जवाब की अनुमति कोर्ट ने दे दी है। कोल घोटाले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया और रानू साहू से 3 दिनों की पूछताछ के लिए ईओडब्ल्यू और एसीबी ने विशेष कोर्ट में आवेदन दिया था।

एजेंसी ने जेल में बंद आईएएस रानू साहू और निलंबित डिप्टी कलेक्टर सौम्या चौरसिया से पूछताछ के लिए अनुमति मांगने पहुंची है।

ईओडब्ल्यू और एसीबी 6 से 8 अप्रैल तक पूछताछ के लिए आवेदन दिया है। जहां एजेंसी को कोर्ट से 3 दिन की अनुमति मिली है। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू और एसीबी ने 4, 5 और 7 अप्रैल को पूछताछ के लिए अनुमति दे दी है। खास बात यह कि पूछताछ के लिए ईओडब्ल्यू और एसीबी ने विशेष कोर्ट में जब आवेदन दिया तो कोर्ट में आरोपियों के अधिवक्ता ने आवेदन का विरोध तक नहीं किया। कोर्ट ने आवेदन को स्वीकार करते हुए जेल में ही पूछताछ की अनुमति दी है।

#### इन आरोपियों से हो रही पूछताछ

शराब घोटाले मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद अरविंद सिंह, महादेव सट्टेबाजी में असीम दास, भीम यादव व सतीश चंद्राकर, कोयला घोटाले में समीर बिश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, शिवशंकर नाग और नायर से पूछताछ होगी।

#### ईडी और ईओडब्ल्यू और एसीबी की कार्रवाई ने पकड़ी रफ़्तार

ईडी की ओर से एसीबी को भेजे प्रतिवेदन में ये कहा गया कि -ईडी ने पीएमएलए के तहत उपरोक्त मामलों में कार्यवाही की है। ईडी की जांच में इन प्रकरणों में आईपीसी की विभिन्न धाराओं और लोकसेवकों की गड़बड़ी के मजबूत संकेत मिले हैं, अतः नियमों के अनुसार यह प्रतिवेदन एसीबी को प्रेषित कर रहे है, ताकि उपयुक्त धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## हरिचंदन के बेटे को बीजेपी ने इस सीट से दी टिकट




**रायपुर,02 अप्रैल 2024(ए)।** उड़ीसा में इस वक्त विधानसभा चुनाव की तैयारी चल रही है। इसी के मद्देनजर बीजेपी ने उड़ीसा विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। जिसमे से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के पुत्र को भाजपा ने उड़ीसा के चिल्का विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया गए है। भाजपा ने 112 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किया है।

पृथ्वीराज विश्वभूषण इस समय पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। वे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। विश्वभूषण, पूर्व में राज्य में मंत्री रहे है।

## बीएड पास उम्मीदवारों को लगा झटका

### प्राथमिक शिक्षक के पद पर हुई नियुक्ति रद्द

**रायपुर,02 अप्रैल 2024(ए)।** हाई कोर्ट से बीएड पास शिक्षक उम्मीदवारों को बड़ा झटका लगा है। प्राथमिक शिक्षक के तौर बीएड पास अभ्यर्थियों की दावेदारी अब पूरी तरह खत्म हो गई है। बिलासपुर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए केवल डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे।

#### जॉइनिंग कराये गए शिक्षकों को निकालने के निर्देश

कोर्ट ने ये भी निर्देश दिया है कि ऐसे बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षक, जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी है, उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए 6 सप्ताह में केवल डीएलएड पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाये। कोर्ट ने डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल कर पुनरीक्षित चयन सूची बनाने के निर्देश दिए हैं।



#### राज्य सरकार ने भर्ती नियम में किया था फेरबदल

न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए डीएलएड को ही मान्य करते हुए, बीएड को अमान्य किया है। बता दें कि राज्य शासन ने दिनांक 4 मई 2023 को सहायक शिक्षकों की भर्ती विज्ञापन जारी किया था। जिसके तहत डीएलएड के साथ बीएड योग्यताधारी को भी सहायक शिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन का योग्य माना था। डीएलएड उत्तीर्ण शिक्षकों ने सेवा भर्ती नियम और विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार प्राथमिक शिक्षकों के लिए बीएड अमान्य है।

#### सुप्रीम कोर्ट में भी दी गई थी चुनौती

सहायक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएलएड ही मान्य है। सुनवाई पाश्चात उच्च न्यायालय ने बीएड अभ्यर्थी की काउंसिलिंग पर पर रोक लगा दी थी, जिसे अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगाते हुए बीएड शिक्षकों को भी अंतरिम रूप से नियुक्ति देने का निर्देश दिया, लेकिन उनकी नियुक्ति को हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण के अंतिम निर्णय के अधीन रखा था।29 फरवरी 2024 को प्रकरण में अंतिम सुनवाई हुई, जिसके बाद हाईकोर्ट ने प्रकरण निर्णय के लिए सुरक्षित कर लिया। आज 2 अप्रैल 2024 को निर्णय सुनाया गया, जिसमें बीएड योग्यताधारी को अपात्र मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गयी है। साथ ही 6 हफ्ते में डीएल योग्यताधारी की पुनरीक्षित चयन सूची बनाने का निर्देश दिया व याचिकाकर्ता की और से अधिवक्ता मिनाक्षी अरोरा, अनुराग दयाल, अजय श्रीवास्तव, इशान वर्मा ने पक्ष रखा।

## भूपेश,ताम्रध्वज,बीरेश और भाजपा के नाग ने किया शक्ति प्रदर्शन

### राजनांदगांव से भूपेश, कांकेर से बीरेश ठाकुर का नामांकन, महासमुंद में ताम्रध्वज साहू और कांकेर में बीजेपी के भोजराज ने भरा पर्चा

**रायपुर,02 अप्रैल 2024 (ए)।** राजनांदगांव से भूपेश, कांकेर से बीरेश ठाकुर का नामांकन, महासमुंद में ताम्रध्वज साहू और कांकेर में बीजेपी के भोजराज ने किया नामांकन दाखिल। राजनांद गाव पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल नें नामांकन दाखिल किया। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू नें महासमुन्द में नामांकन दाखिल किया पीसीसी चीफ दीपक बैज, विजय जांगिर भी उपस्थित थे।भूपेश बघेल ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत मौजूद रहे। एक्स पर बघेल ने लिखा- राजनांदगांव लोकसभा के हर नागरिक के भरोसे को साक्षी मानकर आज नामांकन दाखिल किया है। बता दें कि राजनांदगांव से भूपेश, कांकेर से बीरेश ठाकुर, महासमुंद से पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और कांकेर से ही बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने चुनावी नामांकन दाखिल किया। सीएम विष्णु देव साय बीजेपी प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली में शामिल होने कांकेर रवाना हो चुके हैं। हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते सीएम डेढ़ घंटे की देरी से कांकेर पहुंचें।



## चुनावी चेकिंग के दौरान इनोवा कार में मिले 50 लाख रूपये

**रायगढ़,02 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रभावशील आदर्श आचार संहिता में रायगढ़ की एक टीम ने आज वाहन चेकिंग के दौरान मेडिकल कालेज रोड से एक इनोवा क्रिस्टा से 50 लाख रुपये अवैध तरीके से परिवहन करते हुए जब्त किया है। वाहन में सवार लोगों से उक्त राशि के बारे में जानकारी मांगे जाने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। मामला इंकम टैक्स डिपार्टमेंट को सौंप दिया गया है।

आज लोकसभा निर्वाचन की उड़नदस्ता टीम मेडिकल कालेज रोड रायगढ़ के आगे एकताल रोड में बंजारी मंदिर के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी ईनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक जेएच 05 डीसी 5705 को चेक करने पर वाहन में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिन्हें पूछताछ कर चेक करने पर कपड़े के थैले में पांच-पांच सौ रूपये के नोट के 100 बंडल कुल 50 लाख रुपये



अवैध रूप से ले जाते मिला।

जिसे उक्त रकम के बारे में पूछताछ करने पर कोई भी संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। दल के प्रभारी अधिकारी सहकारी निरीक्षक अविनाश कश्यप, सह प्रभारी अरूण कुमार साव, सहायक ग्रेड 02, पुलिस अधिकारी स.उ.नि. गौतम ठाकुर द्वारा यह कार्यवाही की गई है। आगे की कार्यवाही के लिए प्रकरण इंकम टैक्स विभाग को सौंपा गया है।

#### अब तक 32 करोड़ की नगदी और सामग्री जब्त

लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से प्रदेश भर में चौकसी बढ़ा दी गई है। नगदी एवं अन्य सामग्री के अवैध परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। मुख्या निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पूरे प्रदेश से अब तक चेकिंग में 32 करोड़ रूपये की जब्ती हुई है। इनमें नगदी रकम के अलावा सोना-चांदी के गहने और शराब अदि नशे की सामग्रियां भी शामिल हैं।

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल से होगी शुरू




**रायपुर,02 अप्रैल 2024 (ए)।** पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश भर में अनेक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल खुलवाए गए थे। इस शिक्षा सत्र में इन स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शरू होने जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन स्कूलों में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार भी इसमें लॉटरी पद्धति से एडमिशन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में दाखिले के लिए 10 अप्रैल से आवेदन जमा होना शुरू हो जाएगा। इस संबंध में जारी निर्देश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक कक्षा की रिक्त सीटों में से 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित होगा। वहीं महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता के तहत प्रवेश दिया जायेगा। इसके अलावा कुछ अन्य दिशा-निर्देश भी जारी किये गए हैं।

## नक्सली समर्थक सुरजु टेकाम गिरफ्तार

### भारी मात्रा में बैनर-पोस्टर बरामद

**राजनांदगांव,02 अप्रैल 2024 (ए)।** वनांचल मोहला-मानपुर के सर्व आदिवासी समाज के नेता सुरजू टेकाम को पुलिस ने एक बार फिर जेल भेजा है। दरअसल प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजु टेकाम के घर से पुलिस ने बारूद-डेटोनेटर समेत अन्य नक्सल सामानों की खेप को बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पुख्ता सूचना के आधार पर की है।



सुरजू टेकाम मोहला-मानपुर क्षेत्र में नक्सलियों के समर्थक माने जाते हैं। वह पहले भी नक्सल गतिविधियों से जुड़े होने के आरोप में जेल जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रयुक्त होने वाली बैनर-पोस्टर को भी पुलिस ने भारी मात्रा में टेकाम के घर से बरामद किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कलवर के रहने वाले सुरजू टेकाम के घर छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस को बारूद-डेटोनेटर, नक्सली साहित्य समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मिला। पुलिस ने 54 वर्षीय आदिवासी नेता के घर अचानक दबिश दी। टेकाम को इलाके में नक्सलियों का करीबी माना जाता है। वह आदिवासी मंच के जरिये नक्सलियों के समर्थन में रैली और सभाएं करते रहे हैं। उस पर पूर्व में जनसुरक्षा अधिनियम के तहत मोहला-मानपुर जिले के अलग-अलग थानों में 5 अपराध दर्ज हैं। आरोपी सुरजू टेकाम के कृत्य के मद्देनजर पुलिस ने विस्फोटक अधिनिम की धारा के तहत कार्रवाई की है। उसे एनआईए कोर्ट बिलासपुर में पेश करने की तैयारी है।

एसपी वाईपी सिंह ने 'छत्तीसगढ़' को बताया कि वामपंथी विचारधारा वाले टेकाम के पैतृक घर से आपत्तिजनक नक्सल सामान मिले हैं। पुलिस कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान बैनर-पोस्टर का इस्तेमाल करने के इरादे से टेकाम के घर काफी सामान मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुठभेड़ में मारे गए डेढ़ आधा दर्जन नक्सली

**बीजापुर-रायपुर,02 अप्रैल 2024 (ए)।** जिले में सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में कई घातक और स्वचलित हथियार के साथ ही दैनिक उपयोगी वस्तुएं मिली हैं।दरअसल सोमवार रात बीजापुर जिले के गंगालूर थाना इलाके में डीआरजी,एसटीएफ,कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। जहां सर्चिंग के दौरान आज सुबह लगभग 6 बजे ग्राम लेंड्रा के जंगल में सुरक्षा बल के जवानों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। घंटो तक चले मुठभेंड़ के बाद नक्सली उल्टे पांव भाग निकले। जिसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने सर्चिंग की तो चार माओवादियों की मौत हो चुकी थी। जिनके पास से आटोमेटिक हथियार 1 एसएमजी, बीजीएल लॉन्चर सहित बड़ी मात्रा में हथियार व गोला बारूद के साथ दैनिक उपयोगी सामान बरामत कर जब्त किया। मुठभेड में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जवानों ने जताई है। जिसके बाद अभी भी जवानों की ओर से जंगल में सर्चिंग अभियान जारी है।



## एसपी की अपील पर जनमिलिशिया सदस्य समेत 2 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा,02 अप्रैल 2024 (ए)।** सरकार की अपील पर जनमिलिशिया सदस्य समेत 2 नक्सलियों ने सरेंडर किया । दोनों नक्सलियों ने पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया और पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्म समर्पण किया। दंतेवाड़ा में पुलिस की विशेष पहल घर वापस आईये अंतर्गत पुलिस को मंगलवार को कामयाबी मिली।

पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा द्वारा नक्सली संगठन में कार्यरत सदस्यों से निरंतर अपील की जा रही है कि नक्सलियों के संगठन को छोड़े। राज्य शासन की मुख्य धारा में जुड़े और सम्मानपूर्वक जीवन जिए।



इसके फलस्वरुप मलांगीर एरिया कमेटी अंतर्गत नीला वाया पंचायत मिलिशिया सदस्य गंगा मडक़ाम (38 वर्ष)में आत्म समर्पण किया। गंगा अरनपुर थाना अंतर्गत नीलावाया पंचायत का निवासी है। इसी कड़ी में नीलावाया पंचायत चेतन नाट्य मंडली आयतू मडक़ाम (20 वर्ष) ने भी समर्पण किया।उक्त नक्सली नीलवाया पंचायत का निवासी है। पुलिस अधीक्षक ने दोनों नक्सलियों को 25 ङ्क 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इसके साथ ही राज्य शासन की पुनर्वास योजना का भी लाभ प्रदान किया जाएगा। आत्म समर्पण करने में आरएफटी, सीआरपीएफ और थाना अरनपुर का विशेष योगदान रहा।

## पूर्व सीएम बघेल को स्लीपर सेल वाले बयान पर मानहानि का नोटिस

### 15 दिन में देना होगा जवाब

**रायपुर,02 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में कांग्रेस में कुछ लोगों को स्लीपर सेल बताया था। स्लीपर सेल के बयान के अब उन्हें खासा विरोधों का सामना करना पड़ रहा है।अब इस मामले में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव और एआईसीसी सदस्य अरुण सिसोदिया ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने अपने वकील सौरभ चौबे के माध्यम से उन्हें नोटिस भेजा है और 15 दिन के भीतर उनसे जवाब मांगा है।



#### क्या है विवाद

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कुछ समय पहले मीडिया से चर्चा के दौरान कहा था कि, कांग्रेस में कुछ लोग खराब नीयत से स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। वे पार्टी की बेहतरी नहीं चाहते हैं। बता दें कि स्लीपर सेल आतंकवादी संगठनों के लिए काम करने वालों की भाषा है। आतंकवादी संगठन में स्लीपर सेल आम आदमी की तरह काम करते हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)